हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 4 नवंबर 2026

SB BY Symbol of Trust at Since 1957

धनतेरस फेस्टिव प्री-बुक

धनतेरस एवं दीपावली की खरीदारी के लिए
अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स
में उमड़ रहा है उत्साह

एसबी बॉय एटी ग्रुप - शांतिलाल बरड़िया के मार्गदर्शन में पेश हुए
लेटेस्ट फेस्टिव डिज़ाइन्स

छत्तीसगढ़। धनतेरस और दीपावली के पावन अवसर पर आभूषणों की खरीदारी को खास बनाने के लिए शहर के प्रतिष्ठित अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स, फ्लैगशिप स्टोर - सदर बाजार, रायपुर एवं नेहरू नगर, भिलाई शोरूम में ग्राहकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। यहां पारंपरिक विरासत और आधुनिक डिज़ाइन का खूबसूरत संगम देखने को मिल रहा है। ब्राइडल ज्वेलरी, रॉयल पोल्की, एंटीक गोल्ड, टेंपल ज्वेलरी और डायमंड ज्वेलरी की एक्सक्लूसिव रेंज के साथ इस सीजन के लेटेस्ट फेस्टिव डिज़ाइन्स भी ग्राहकों को बेहद पसंद आ रहे हैं।



'इस त्यौहारी सीज़न के लिए हमने अपने ग्राहकों के लिए खास तौर पर लेटेस्ट फेस्टिव डिज़ाइन्स प्रस्तुत किए हैं, जिनमें हमारी परंपरा, श्रेष्ठ गुणवत्ता और आधुनिक ट्रेंड्स का सुंदर संगम है।

शांतिलाल बरड़िया
चेयरमेन एसबी बाय एटी ग्रुप



ग्राहकों द्वारा दी जा रही गोल्ड एवं सिल्वर कॉइन की विशेष पेशकश को अत्यंत सकारात्मक और उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया मिल रही है। यह ऑफर उनके लिए खरीदारी को और भी अधिक आकर्षक बना रहा है।

सौरभ बरड़िया, सिद्धार्थ बरड़िया
डायरेक्टर, ए.टी. ग्रुप

DIWALI SPECIAL

GOLD & SILVER COIN

ON QUALIFYING PURCHASES

अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स में ग्राहकों को मिल रहा है भरोसे, गुणवत्ता और बेहतरीन डिज़ाइन का अनूठा अनुभव।

इस त्यौहारी सीज़न अपने परिवार और अपनों के लिए चुनें कुछ ऐसा, जो आज की खुशी और आने वाले कल की विरासत बने।



FOLLOW US ON

अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स

नेहरू नगर, मेन रोड, अग्रसेन चौक पास, भिलाई
9009899111 atjewellersbhilai

फ्लैगशिप स्टोर : अनूप प्लाजा, सदर बाजार, रायपुर
8817710111 atjeweller

ATUL

राज्योत्सव में विभूतियों का सम्मान







इनका हुआ सम्मान

डुमन लाल ध्रुव- शहीद वीरनारायण सिंह स्मृति सम्मान, विश्व गीता धेनू गोविन्द पक्षी सेवा धाम-यति यतनलाल सम्मान, सुश्री संजू देवी, गुण्डाधूर सम्मान, सुश्री लता नेताम-मिनीमाता सम्मान, सुखचंद भास्कर-गुरु घासीदास सामाजिक चेतना एवं अनुसूचित जाति उत्थान सम्मान सामाजिक चेतना एवं दलित उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए, धनसिंह बघेल- ठाकुर प्यारेलाल सिंह पुरस्कार, डॉ. पुरुषोत्तम चन्द्राकर, हबीब तनवीर सम्मान, टोमन कुमार- महाराजा प्रवीरचंद भंजदेव सम्मान, तेजस्विनी सेवा प्रतिष्ठान- पंडित रविशंकर शुक्ल सम्मान, डॉ. बिहारीलाल साहू-पं. सुन्दरलाल शर्मा सम्मान, डॉ. एम. श्रीराम मूर्ति-चक्रधर सम्मान, पुन्नीदास भट्ट-डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार, बाबूलाल अग्रवाल- महाराजा अग्रसेन सम्मान, प्रमोद कुमार साहू-चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार, बरुण सखाजी एवं रसिका पांडेय- चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार हिन्दी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया। शिशिर रॉय चौधरी- मधुकर खेर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार, डॉ. दिनेश कुमार नाग- धन्वन्तरि सम्मान, प्रदीप सोनी-श्रीमती बिलासादेवी केंवट मत्स्य विकास पुरस्कार, डॉ. बहुरन सिंह पटेल- महंत वैष्णवदास जी महाराज संस्कृत भाषा पुरस्कार, सत्य साईं संजीवनी अस्पताल, नवा रायपुर-डॉ. भंवरसिंह पोर्ते आदिवासी सेवा पुरस्कार, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड (बलौदाबाजार) स्व. रामानुज प्रताप सिंहदेव स्मृति श्रम यशस्वी पुरस्कार, सुरेश ध्रुव, उप पुलिस अधीक्षक-पंडित लखनलाल मिश्र सम्मान, दीपाली सरावगी- छत्तीसगढ़ अप्रवासी भारतीय सम्मान, सैयद ताहिर अली -किशोर साहू सम्मान, साधना यादव-लक्ष्मण मस्तुरिया सम्मान, सीएल रात्रे-देवदास बंजारे स्मृति पंथी नृत्य पुरस्कार, चंद्रभूषण वर्मा-खुमान साव सम्मान, दुर्गा प्रसाद पारकार-लाला जगदलपुरी साहित्य पुरस्कार, मोहन सुंदरानी-किशोर साहू राष्ट्रीय अलंकरण, कौस्तुभ शुक्ला एवं हेमन्त मिश्र- बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल सम्मान, बुलबुल बैदया-माता बहादुर कलारिन सम्मान, अनंत विजय, माधव राव सप्रे राष्ट्रीय रचनात्मकता सम्मान,चेतन देवांगन- डॉ. तीजन बाई सम्मान, सत्येन्द्र उपाध्याय-चेंदरू राज्य ग्रामीण पर्यटन पुरस्कार, जगदीश देशमुख-संत रविदास सम्मान।

भाजपा नेताओं पर भड़का बांबे हाईकोर्ट, दिया आदेश

भारत धर्मनिरपेक्ष, दीया का दिवाली वीडियो दोबारा अपलोड करे बीएमसी

बॉम्बे हाई कोर्ट ने मंगलवार को बीएमसी के 'पर्यावरण-अनुकूल और पटाखे-मुक्त दिवाली' अभियान के लिए अभिनेत्री दीया मिर्जा के वीडियो पर हुए विवाद को लेकर नाराजगी जताई। कोर्ट ने बीएमसी को उनका वीडियो फिर से अपलोड करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति नीला गोखले की पीठ ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों की छोटी सोच देखकर उन्हें बहुत दुख हुआ है, खासकर उन लोगों की जो आम जनता के प्रतिनिधि हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

हाई कोर्ट ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि पर्यावरण, वायु प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए बनाए गए एक वीडियो को इस तरह का गलत रंग दिया गया। कोर्ट ने कहा कि कोई भी व्यक्ति यह सवाल नहीं उठा सकता कि जागरूकता फैलाने के लिए अधिकारियों ने किसी खास सेलिब्रिटी को क्यों चुना।

सेलिब्रिटी चयन और धर्मनिरपेक्षता : हाई कोर्ट ने कहा कि जागरूकता फैलाने के लिए मशहूर हस्तियों को चुनने में बीएमसी कमिश्नर का फैसला बिल्कुल सही था। कोर्ट ने टिप्पणी की कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस मामले में अन्य अनावश्यक मुद्दों को बीच में लाया गया। अदालत ने कहा कि समाज में धर्मनिरपेक्ष भावना होनी चाहिए और संविधान नागरिकों से यही उम्मीद करता है कि वे इसे बढ़ावा दें। अगर क्लिप को हटा दिया गया है, तो बेहतर होगा कि उसे फिर से अपलोड कर दिया जाए।

खास बातें
- एक्ट्रेस ने की थी ग्रीन पटाखे जलाने की अपील
- कोर्ट ने कहा- लोगों की छोटी सोच देखकर दुख हुआ



हम एक धर्मनिरपेक्ष देश हैं

अदालत ने कहा कि मुंबई जैसे शहर का अस्तित्व आपसी एकजुटता और समाज से जुड़े होने की मजबूत भावना पर टिका है। इसे किसी भी तरह की गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणी से खराब नहीं किया जाना चाहिए। हाई कोर्ट ने कहा कि हमने कल टिप्पणी करने वाले किसी भी राजनेता या व्यक्ति को जागरूकता फैलाने वाला वीडियो बनाते नहीं देखा। हम एक धर्मनिरपेक्ष देश हैं। हमें इस घटना से बहुत दुख हुआ है। यह मामला पर्यावरण से जुड़ा है और हर व्यक्ति, चाहे उसका धर्म या जाति कुछ भी हो, एक ही हवा में सांस ले रहा है।

हमारा आदेश 365 दिनों के लिए है

अदालत ने कहा कि विवाद के बाद बीएमसी को मिर्जा की क्लिप नहीं हटानी चाहिए थी और नगर निकाय को अभिनेत्री का वीडियो फिर से अपलोड करने के लिए कहा। पीठ ने कहा कि शादियों, जुलूसों, चुनाव में जीत और क्रिकेट मैचों के बाद जैसे मौकों पर पटाखे फोड़े जाते हैं। हमारा आदेश साल के सभी 365 दिनों के लिए है। हमारा मुख्य उद्देश्य पर्यावरण की रक्षा करना और वायु तथा ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करना है।

यह है मामला

बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के पर्यावरण अनुकूल दीवाली अभियान के लिए दीया मिर्जा का वीडियो सोमवार को एक राजनीतिक विवाद का कारण बन गया। मुंबई भाजपा प्रमुख अमित सातम की आपत्ति और मेयर ऋतु तावड़े द्वारा दीया मिर्जा को हिंदू-विरोधी बताए जाने के बाद बीएमसी ने सोशल मीडिया से उनका वीडियो हटा दिया था। शहर में बढ़ते वायु प्रदूषण के बीच बॉम्बे हाई कोर्ट के निर्देश पर बीएमसी ने नागरिकों से पटाखे न जलाने और पर्यावरण अनुकूल दीवाली मनाने की अपील की थी। इस अभियान के तहत, नगर निकाय ने दीया मिर्जा सहित कई मशहूर हस्तियों को शामिल किया था। लोगों से ध्वनि और वायु प्रदूषण न फैलाने की अपील करने वाला दीया मिर्जा का वीडियो हटा दिया गया, वहीं माधुरी दीक्षित, निशिगंधा वाड और क्रिकेटर अजिंक्य रहाणे के वीडियो बीएमसी के एक्स और इंस्टाग्राम पेज पर मौजूद रहे।



माफी के बाद भी नहीं थम रहा विवाद

भगवान कृष्ण पर टिप्पणी कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ शिकायत दर्ज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



कथावाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की भगवान श्रीकृष्ण को लेकर की गई टिप्पणी के बाद बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। संत समाज से लेकर नेताओं तक ने उनके बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। बयान पर विवाद के बाद हालांकि धीरेंद्र शास्त्री ने माफी भी मांगी, लेकिन ये मामला यहीं शांत होता नहीं दिख रहा है। बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने मंगलवार को दिल्ली के संसद मार्ग थाने पहुंचकर धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। सांसद यादव ने कहा कि भगवान कृष्ण देश के करोड़ों लोगों की आस्था के प्रतीक हैं। उनकी गरिमा का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

ईशनिंदा की माफी नहीं : अखिलेश

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा है कि, 'मानवीय भूलों के लिए तो क्षमा किया जा सकता है, 'ईशनिंदा' के लिए कभी नहीं। ऐसे दुष्मुखी लोगों पर आजीवन प्रतिबंध लगना चाहिए, सार्वजनिक जीवन में हर सच्चा सनातनी इनका पूर्ण बहिष्कार करे। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा, हमारे कुलदेवता भगवान श्री कृष्ण पर सत्ता-पोषित एक मानसिक विक्षिप्त द्वारा की गई टिप्पणी अशोभनीय, अक्षम्य एवं अमर्यादित है। राम और कृष्ण एक दूसरे के पूरक हैं। यह नफरती लोग पहले इंसान को बांटते थे, अब भगवान को बांटने लगे। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि लोगों को बांटने से मन नहीं भरा कि आराध्यों को भी बांटने लगे? श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। श्री कृष्ण पूर्ण योगी हैं। दोनों ही विष्णु का अवतार हैं। ठाकुर जी को टेढ़ा मेढ़ा कहना पाप है।

लॉरेंस गैंग के हैरी बॉक्सर के नाम से आया फोन

अब तुषार को धमकी, मांगे 5 करोड़

एजेंसी ▶▶| मुंबई



बॉलीवुड एक्टर तुषार कपूर को कथित तौर पर लॉरेंस गैंग के सदस्य हैरी बॉक्सर के नाम से फोन आया। फोन करने वाले ने 5 करोड़ रुपए मांगे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, तुषार कपूर ने इसकी जानकारी मुंबई पुलिस को दी। इसके बाद जांच एंटी-एक्सटॉर्शन सेल और क्राइम ब्रांच को सौंप दी गई। क्राइम ब्रांच की टेक्निकल टीम ने धमकी भरे कॉल की ऑडियो रिकॉर्डिंग की जांच की। पुलिस के मुताबिक, दोनों आवाजें आपस में मेल नहीं खातीं। इससे पुलिस को शक है कि यह फर्जी कॉल था। किसी ने गैंग का नाम लेकर डर पैदा करने की कोशिश की।

एसआईआर के खिलाफ का होगा प्रदर्शन

पंजाब में आज इंडिया की रैली

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़



एसआईआर व सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ बुधवार को पंजाब में इंडिया गठबंधन द्वारा बड़ी रैली की जाएगी। चंडीगढ़ में कांग्रेस के पंजाब प्रभारी सचिन पायलट ने यह जानकारी देते हुए बताया कि रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित सभी दिग्गज नेता शामिल होंगे। इधर इंडिया ने पांच नवंबर को बेंगलुरु के फ्रीडम पार्क में भी प्रदर्शन करने की घोषणा की। कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बीके हरिप्रसाद ने यह जानकारी दी।

पहले गरीबी खत्म करने के वादे होते थे : मोदी



नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश की कई पीढ़ियों ने गरीबी खत्म करने के वादे सुने हैं। पहले गरीबी के खिलाफ लड़ाई सिर्फ नारों तक सीमित थी, लेकिन अब इसे खत्म करने के लिए जमीन पर काम हो रहा है। उन्होंने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए यह बात कही। इस दौरान उन्होंने पुणे मेट्रो की करीब 21,800 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन किया और नई परियोजनाओं की आधारशिला रखी। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस भी शामिल हुए। आज दुनिया में भारत की चर्चा दो और वजहों से हो रही है। पहली, दुनिया में मुश्किल हालात के बावजूद भारत सबसे तेज आर्थिक विकास करने वाला देश बना हुआ है।

डीआरडीओ ने किया प्रलय मिसाइल का सफल परीक्षण

500 किमी तक मारक क्षमता, ट्रैक करना मुश्किल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 3 नवंबर 2026 को ओडिशा के चांदीपुर तट के पास स्वदेशी प्रलय मिसाइल का सफल परीक्षण किया। इस मिसाइल की मारक क्षमता 150 से 500 किलोमीटर तक बताई जाती है। इसकी खासियत उड़ान के दौरान रास्ता बदलने की क्षमता है, जिससे दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम के लिए इसे ट्रैक करना और रोकना मुश्किल हो सकता है।

- भारत ने पहली बार एक लॉन्चर से दागीं 2 मिसाइलें

टेस्ट के दौरान हटाए गए 2500 से ज्यादा लोग

मिसाइल परीक्षण की तैयारियों के मद्देनजर आसपास के इलाकों से 2500 से ज्यादा लोगों को अस्थायी कैंप में पहुंचाए जाने की जानकारी सामने आई है। अब इस मिसाइल को भारतीय थल सेना और वायु सेना में शामिल करने की संभावनाओं पर फोकस रहेगा। इससे पहले भी डीआरडीओ इसके कई सफल परीक्षण कर चुका है।



यह है खासियत

प्रलय भारत में विकसित सतह से सतह पर मार करने वाली क्वासी-बैलिस्टिक मिसाइल है। इसे जमीन से लॉन्च करके दुश्मन के सैन्य ठिकानों और रणनीतिक रूप से अहम लक्ष्यों को निशाना बनाया जा सकता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसका फ्लाइट पैटर्न है। नॉर्मल बैलिस्टिक मिसाइलें एक फिक्स पाथ को फॉलो करती हैं, जबकि क्वासी-बैलिस्टिक मिसाइल उड़ान के दौरान अपनी दिशा और रास्ते में बदलाव कर सकती है। इससे विरोधी देश के रडार और एंटी-मिसाइल सिस्टम के लिए इसके संभावित रास्तों का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है।

क्या होती है क्वासी बैलिस्टिक मिसाइल

आम बैलिस्टिक मिसाइल सीधे ऊपर जाकर फिर नीचे आती है, रास्ता पहले से पता चल जाता है। प्रलय लो-ट्रेजेक्टरी पर जाती है, बीच में ही दिशा बदल सकती है, टर्मिनल फेज में मैन्युवर करती है। इसलिए दुश्मन का एयर डिफेंस इसे इंटरसेप्ट नहीं कर पाता। इसे आर्मी और एयरफोर्स दोनों में शामिल किया जाना है। पाकिस्तान के साथ **LoC** पर ऐसे शॉर्ट रेंज, हाई प्रिसीजन हथियार गेम-चेंजर माने जा रहे हैं।

मिसाइल की तकनीकी खूबियां
- मारक क्षमता : तकरीबन 150 से 500 किलोमीटर
- ईंधन : सॉलिड फ्यूल बेस्ड रॉकेट मोटर
- लॉन्चिंग सिस्टम : मोबाइल लॉन्चर से प्रक्षेपण
- गाइडेंस : मॉडर्न नेविगेशन और गाइडेंस सिस्टम
- वॉरहेड : अलग-अलग तरह के वॉरहेड ले जाने की क्षमता

सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹103976/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹126990/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹138621/-
Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।
ANAND Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, बुधवार 4 नवंबर 2026

सीबीआई ने सौरभ को एयरपोर्ट के दूसरे गेट से बाहर निकाला

सीबीआई की टीम सौरभ को शाम की फ्लाइट ई6 2307 से रायपुर लेकर पहुंची। यहां करीब 4.56 बजे फ्लाइट की लैंडिंग हुई। यहां उतरने के बाद सीबीआई की टीम सौरभ को जिस गेट से बाहर लाने वाली थी, उस गेट के बाहर पहले से ही मीडिया की भारी भीड़ थी। इसे देखते हुए सीबीआई ने उसे दूसरे गेट से बाहर निकाला। एयरपोर्ट से बाहर पहले से ही करीब आधा दर्जन गाड़ियां तैनात थीं। इस दौरान पुलिस के स्थानीय अधिकारी एवं जवान भी तैनात थे। इस तरह सौरभ को कड़ी निगरानी में एयरपोर्ट से सीबीआई के दफ्तर तक ले लाया गया। पहले संभावना जताई जा रही थी कि सौरभ को दोपहर की फ्लाइट से रायपुर लाकर सीधे कोर्ट में पेश किया जाएगा, लेकिन शाम को रायपुर लाए जाने के बाद अब उसे 4 नवंबर को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

दो दिन पहले ओमान से किया गया था प्रत्यर्पित

महादेव सट्टे के फाउंडर सौरभ को लेकर रायपुर पहुंची सीबीआई, एयरपोर्ट की लाइट बंद कर छुपाकर निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

ऑनलाइन महादेव सट्टा एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर को मंगलवार को सीबीआई टीम की विशेष निगरानी में फ्लाइट से राजधानी रायपुर लाया गया। यहां लाने के बाद एयरपोर्ट से उसे सीधे माना स्थित सीबीआई दफ्तर ले जाया गया, जहां उसे कड़ी निगरानी में रखा गया है। सौरभ को अब बुधवार को सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। सौरभ को इससे पहले दिल्ली कोर्ट में पेश किया गया था। यहां दो दिन के लिए ट्रांजिट रिमांड पर उसे रायपुर लाया गया है। संभावना है कि कोर्ट में आज पेशी के दौरान सौरभ से पूछताछ के लिए रिमांड मांगी जा सकती है।





एयरपोर्ट गेट से बाहर निकालते समय कुछ देर के लिए बिजली बंद

एयरपोर्ट के जिस गेट से सौरभ को बाहर निकाला गया, उस गेट के बाहर लगी लाइटों को कुछ देर के लिए बंद कर दिया गया था। लाइट बंद होते ही अंधेरे में सौरभ को गेट से बाहर निकालकर टीम उसे गाड़ी में बिठाकर तुरंत सीबीआई दफ्तर के लिए रवाना हुई। यही नहीं, सौरभ को फ्लाइट के सफर से लेकर एयरपोर्ट के अंदर तक बिना मास्क पहनाए लाया गया, जबकि एयरपोर्ट के गेट से बाहर निकलने के दौरान उसे मास्क पहनाया गया था। विदित हो कि सौरभ चंद्राकर महादेव सट्टा एप का मुख्य आरोपी है। उसे ओमान से प्रत्यर्पण कर भारत लाया गया है। भारत लाने के बाद उसे दिल्ली कोर्ट में पेश किया। यहां लंबी बहस के बाद दो दिन के लिए ट्रांजिट रिमांड पर रायपुर लाए जाने की कोर्ट ने स्वीकृति दी है।

खबर संक्षेप

नेपाल में भारत के नवनियुक्त राजदूत ने कार्यभार संभाला

काठमांडू। नेपाल में भारत के नवनियुक्त राजदूत सुधाकर दलेला ने मंगलवार को काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास में अपना कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले, दलेला कार्यभार संभालने के लिए मंगलवार को काठमांडू पहुंचे। काठमांडू में भारतीय दूतावास के उप-प्रभारी राकेश पांडे सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और नेपाल के विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधियों ने दलेला का स्वागत किया।



धनशोधन मामले में ईडी ने की छापेमारी

श्रीनगर/नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने कथित आतंकवाद वित्तपोषण से जुड़े धनशोधन के एक मामले में मंगलवार को जम्मू-कश्मीर में कई स्थानों पर छापेमारी की। धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उमर आदिल डार और उसके सहयोगियों से जुड़े मामले में श्रीनगर के कम से कम चार ठिकानों पर छापेमारी की गई। यह जांच डार के प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के लिए मददगार के तौर पर काम करने और संगठन की गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल रहने के आरोपों से संबंधित है।

दो भाइयों ने वाहन फूंका दो लोग जिंदा जले

अमरेली। गुजरात के अमरेली जिले में रुपयों के लेन-देन के चलते दो भाइयों ने एक वाहन को कथित तौर पर आग लगा दी, जिससे उसमें सो रहे एक 16 वर्षीय किशोर सहित दो लोग जिंदा जल गए। घटना लिलिया तालुका के गुंदरण गांव के बाहरी इलाके में आधी रात के आसपास हुई, जब आरोपी विनोद डोडियार और उसके भाई राजू ने वाहन को कब्जे में लेने के विवाद को लेकर उस पर ज्वलनशील पदार्थ छिड़ककर आग लगा दी।



फंदे से लटकी मिली महिला, पति गिरफ्तार

पुणे। महाराष्ट्र के पुणे में 34 वर्षीय एक महिला का शव एक फ्लैट में फंदे से लटका मिला। मृतका के परिजनों ने ससुराल वालों पर सोने की मांग को लेकर उसे परेशान करने का आरोप लगाया, जिसके बाद पुलिस ने उसके पति को गिरफ्तार कर लिया। मृतका की पहचान पायल जांबरे पाटिल के रूप में हुई है, जिसकी शादी अक्षय जांबरे पाटिल से हुई थी और उनकी एक बेटी है। पायल पहले आईटी क्षेत्र में काम करती थी, लेकिन बाद में उसने नौकरी छोड़ दी थी। हालांकि, उसके परिजनों का आरोप है कि उसकी हत्या की गई, और उसके पति तथा ससुराल वालों ने मुकुंद नगर स्थित फ्लैट में उसके शव को फंदे से लटका दिया।

राज्योत्सव का समापन, मानवाधिकार के नाम पर नक्सलवाद का समर्थन करने वालों पर शाह ने दागे सवाल

बारिश के बीच शानदार राज्योत्सव का समापन जनसैलाब में दिखा उत्साह

शाह बोले- छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से मुक्त, अब इसे संवारने की बारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के समापन समारोह में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए श्री शाह ने नक्सलवाद, आदिवासी अधिकारों, प्रदेश के विकास और सांस्कृतिक विरासत के मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, आज छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से मुक्त हो गया है, अब इसे संवारने की बारी है। हमारी सरकार इस दिशा में लगातार काम कर रही है।

नक्सलवाद से मुक्त होने पर उन्होंने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और छत्तीसगढ़ पुलिस के जवानों को बधाई दी। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा, वर्ष 2000 में उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य का गठन किया। अटल ने छत्तीसगढ़ बनाया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे संवारा।

अमित शाह ने नक्सलवाद का समर्थन करने वालों और मानवाधिकार के नाम पर आवाज उठाने वालों से सवाल करते हुए कहा कि क्या मानवाधिकार हाथ में बंदूक लेकर विकास रोकने के लिए होता है? क्या गरीब आदिवासियों का मानवाधिकार नहीं होता? उन्होंने कहा कि नक्सलवाद ने आदिवासी क्षेत्रों के विकास को बाधित किया और बच्चों का बचपन छीन लिया। उन्होंने कहा कि जिस धरती पर सांस्कृतिक गलियारा होना चाहिए था, वहां रेड कॉरिडोर बना दिया गया। जिन जंगलों में महुआ, तेंदूपत्ता और लोकगीतों की गूंज होनी चाहिए थी, वहां बारूदी सुरंगें बिछाई गईं। बच्चों के हाथों में कलम की जगह बंदूकें थमा दी गईं। स्कूलों और सड़कों को निशाना बनाकर विकास का ▶▶| शेष पेज 5 पर

टॉप टूरिस्ट डेस्टिनेशन में होगा छत्तीसगढ़

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सलवाद के अवरोध दूर होने के बाद अब छत्तीसगढ़ में पर्यटन विकास की अपार संभावनाओं के नए द्वार खुल रहे हैं। प्राकृतिक सौंदर्य, जलप्रपातों, घने जंगलों, समृद्ध जनजातीय संस्कृति और ऐतिहासिक धरोहरों से परिपूर्ण छत्तीसगढ़ आने वाले समय में देश के प्रमुख पर्यटन राज्यों में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक नक्सलवाद के कारण ▶▶| शेष पेज 5 पर



शाह ने महतारी वंदन की 33वीं किस्त की जारी

राज्योत्सव के अवसर पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने महतारी वंदन योजना की 33वीं किस्त जारी की। योजना के तहत साढ़े 68 लाख हितग्राहियों के खाते में 1000 रुपए का अंतरण किया गया।

एसआईआर पर विशेष संसद सत्र बुलाने की पेशकश

अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी नकली संसद बनाकर वास्तविक संसद का मजाक उड़ा रहे हैं और वहां चर्चा का नाटक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए ▶▶| शेष पेज 5 पर

कांग्रेस पर नक्सलवाद का समर्थन करने का आरोप

गृह मंत्री ने कांग्रेस पर नक्सलवाद के प्रति नरम रुख अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने वर्ष 2010 में तत्कालीन केंद्रीय गृह मंत्री पी. चिदंबरम के बयान का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय नक्सलियों से हथियार डालने के बजाय बातचीत करने की बात कही गई थी। शाह ने कहा कि केवल बातचीत से हिंसा नहीं रुकती। जो नक्सली मुख्यधारा में लौटना चाहते हैं, वे हथियार डालकर आत्मसमर्पण करें। सरकार उन्हें मुख्यधारा में शामिल करेगी, अन्यथा सुरक्षा बल उनका मुकाबला करेंगे। गृह मंत्री ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों पर निशाना साधते हुए ▶▶| शेष पेज 5 पर



राज्योत्सव के समापन समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली प्रतिभाओं को मिला राज्य का प्रतिष्ठित सम्मान

शाह ने 36 विभूतियों एवं संस्थाओं को राज्य अलंकरण से किया सम्मानित

रायपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नवा रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्योत्सव 2026 के समापन समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों एवं संस्थाओं को प्रतिष्ठित राज्य अलंकरण पुरस्कारों से सम्मानित किया। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की 26वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित इस समारोह में साहित्य, कला, संस्कृति, पत्रकारिता, खेल, कृषि, समाजसेवा, जनजातीय उत्थान, महिला सशक्तिकरण, सहकारिता, श्रम, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मान प्रदान किया गया।





सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी, केंद्र से मांगा जवाब

प्रदर्शन स्थल पर हमेशा के लिए कब्जा नहीं किया जा सकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने त्योहार के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के खिलाफ हो रहे प्रदर्शनों पर रोक लगाने संबंधी कारोबारी संगठनों की याचिका पर केंद्र व अन्य पक्षों से जवाब मांगते हुए मंगलवार को कहा कि किसी प्रदर्शन स्थल पर हमेशा के लिए कब्जा करके नहीं रखा जा सकता। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ किराना कमेटी दिल्ली की याचिका समेत कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जिममें रामलीला मैदान में प्रदर्शन के कारण कारोबार को नुकसान पहुंचने का आरोप लगाया गया है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, आप किसी जगह पर हर समय कब्जा नहीं कर सकते। किसान, पत्रकार आदि कहां जाएंगे?

सीईसी के खिलाफ हो रहे प्रदर्शनों को रोकने की याचिका पर सुनवाई

हर किसी को विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है। इसके लिए एक निश्चित अवधि और समय तय किया जाना चाहिए। पीठ ने व्यापारिक संगठनों से कहा कि वे कारोबार को नुकसान पहुंचने का आरोप लगाने वाली अपनी याचिका में मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ प्रदर्शन आयोजित कर रहे संगठनों को भी पक्षकार बनाएं। व्यापारियों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि प्रदर्शन स्थल के आसपास के इलाकों में 50 लाख लोग रहते हैं।



विरोध प्रदर्शन के चलते दुकानें बंद

व्यापारी संगठनों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने अदालत को बताया कि प्रदर्शन स्थल के आसपास करीब 50 लाख लोग रहते हैं। विरोध प्रदर्शन के चलते दुकानें बंद हैं और त्योहारों के मौसम में व्यापारिक गतिविधियों पर बुरा असर पड़ रहा है। उन्होंने इस समस्या का समाधान निकालने के लिए अदालत से 'आउट ऑफ द बॉक्स' समाधान तलाशने की अपील की।

किसान, पत्रकार और दूसरे लोग कहां जाएंगे?

इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, आप किसी जगह पर हर समय कब्जा नहीं कर सकते। किसान, पत्रकार और दूसरे लोग कहां जाएंगे? हर किसी को विरोध करने का अधिकार है। इसके लिए एक निश्चित समय और जगह तय की जानी चाहिए।

विरोध प्रदर्शन में शामिल संगठनों को बनाएं पक्षकार

पीठ ने व्यापारी संगठन से उन सभी संगठनों और समूहों को भी मामले में पक्षकार बनाने को कहा, जिन्होंने विरोध प्रदर्शन आयोजित किए हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि संबंधित संगठनों का पक्ष सुने बिना इस मामले में कोई फैसला नहीं किया जा सकता। इस पर मुकुल रोहतगी ने कहा कि वह संबंधित संगठनों को याचिका में पक्षकार बनाएंगे।

दो हमलावर गिरफ्तार

वोटर लिस्ट से नाम गायब तो भरें फॉर्म-6, नहीं होगा मुकदमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में नाम नहीं आने से परेशान पुराने मतदाताओं को चुनाव आयोग ने बड़ी राहत दी है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि जिन लोगों के नाम पहले मतदाता सूची में दर्ज थे, लेकिन एसआईआर के दौरान प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची में किसी कारणवश शामिल नहीं हो पाए हैं, वे दोबारा नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 भर सकते हैं। ऐसा करने पर उन्हें गलत घोषणा करने या कानूनी कार्रवाई का सामना करने का डर रखने की ▶▶| शेष पेज 5 पर



शेयर बाजार में चौथे दिन तेजी

चार दिन में निवेशकों को 13 लाख करोड़ का मुनाफा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय शेयर बाजार में चौथे दिन भी लगातार तेजी जारी रही। मंगलवार को बीएसई सेंसेक्स 1,225 अंक चढ़ गया। वहीं, निफ्टी-50 जोरदार बढ़त के साथ 23,800 के पार पहुंच गया। पिछले चार दिनों की तेजी के कारण निवेशकों की संपत्ति में 13 लाख करोड़ से ज्यादा का इजाफा हुआ। मंगलवार को ही निवेशकों को साढ़े चार लाख करोड़ से अधिक का मुनाफा हुआ।



इसलिए बाजार में तेजी

शोध विश्लेषक कंपनी एचएसटी वेल्थ के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी हरिसेल्वन राधाकृष्णन ने कहा, ब्रेंट कच्चा तेल 105.50 डॉलर प्रति बैरल के आसपास है, जो पिछले सप्ताह के उच्च स्तर से काफी नीचे आ चुका है। इसकी वजह कतर की मध्यस्थता से अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत है। इससे संघर्ष समाप्त होने और होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते ऊर्जा आपूर्ति बहाल होने की दिशा में प्रगति की उम्मीद बढ़ी है।

दो हमलावर गिरफ्तार

तंत्र-मंत्र के संदेह में श्मशान घाट पर अघोरी बाबा की पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

तंत्र-मंत्र करने के संदेह में लोगों ने श्मशान घाट में अघोरी बाबा के साथ जमकर मारपीट की। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। गंभीर रूप से घायल अघोरी बाबा को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है, जहां पिछले दो दिनों से उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने मामले में तीन लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, छोटी कोनी में रहने ▶▶| शेष पेज 5 पर



8 नवंबर को सुबह 11 बजकर 27 मिनट पर प्रारंभ होगी अमावस तिथि

तीन साल बाद फिर दीपावली 6 दिनों की, इस बार अमावस दो दिन, लक्ष्मी पूजन प्रथम दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दीपोत्सव इस बार 6 दिन का होगा। 3 वर्ष बाद फिर इस बार अमावस्या तिथि दो दिन होने से दीपोत्सव 6 दिन तक चलेगा। 8 नवंबर रविवार को अमावस्या तिथि प्रातः 11 बजकर 27 मिनट से शुरू होगी तथा 9 नवंबर सोमवार की दोपहर 12 बजकर 32 मिनट तक रहेगी। दिवाली प्रदोष कालीन व निशीथ व्यापिनी अमावस्या तिथि में कार्तिक कृष्ण प्रदोष व्यापिनी त्रयोदशी में 6 नवंबर शुक्रवार को धनतेरस से दीपोत्सव का पर्व शुरू होगा। 7 नवंबर को नरक चौदस के दीप प्रज्ज्वलित किए जाने के बाद 8 नवंबर को लक्ष्मी पूजन किया जाएगा। 9 नवंबर अर्थात सोमवार की दोपहर 11:43 बजे तक अमावस्या तिथि विद्यमान रहेगी। इस दिन अमावस्या तिथि एवं सोमवार दिन होने से सोमवती अमावस्या का संयोग बन रहा है। प्रातःकाल अमावस होने के कारण इस दिन स्थान दान किया जाएगा।



हरिभूमि सरोकार

मनायी जाती है। इसीलिए चतुर्दशी युक्त अमावस्या में दीपावली का पर्व 8 नवंबर रविवार को मनाया जाएगा। अर्थात लक्ष्मी पूजन दो दिवसीय अमावस के प्रथम दिन होगा।

करना होगा एक दिन इंतजार

लक्ष्मी पूजन के बाद गोवर्धन पूजा के लिए एक दिन इंतजार करना होगा। 10 नवंबर सोमवार को स्वाति व विशाखा नक्षत्र एवं सौभाग्य योग में गोवर्धनपूजा व अन्नकूट का पर्व मनाया जाएगा। महिलाएं इस दिन गोबर से गोवर्धन की आकृति बनाकर पारंपरिक गीत गाते हुए उनकी पूजा-अर्चना करेंगी। श्रद्धालु इस दिन भगवान श्रीकृष्ण एवं गौ माता की पूजा करेंगे। इस दिन गौशाला में गायों को स्नान कराकर नूतन वस्त्र धारण कराकर चंदन, अक्षत, पुष्प, धुप-दीप, मिठाई व फल से पूजा होगी। कार्तिक शुक्ल उदय कालिक द्वितीया में 11 नवंबर बुधवार को भाई दूज मनाया जाएगा।

जानिए... कब करें पूजन

- धनतेरस 6 नवंबर, शुक्रवार
- छोटी दिवाली (काली चौदस) 7 नवंबर, शनिवार
- बड़ी दिवाली (लक्ष्मी पूजा) 8 नवंबर, रविवार
- स्नान-दान अमावस्या (अतिरिक्त दिन) 9 नवंबर, सोमवार
- गोवर्धन पूजा 10 नवंबर, मंगलवार
- भाई दूज 11 नवंबर, बुधवार

चिंतन

अनिश्चितकाल तक प्रदर्शन का हक नहीं

लोकतंत्र में असहमति और प्रदर्शन का अधिकार है, लेकिन विरोध के नाम पर दूसरों के अधिकारों को कुचलने की छूट भी नहीं दी जा सकती। सार्वजनिक स्थानों पर अनिश्चितकाल तक कब्जा जमाकर बैठ जाना और आम लोगों की जिंदगी को बाधित करना किसी भी सूरत में उचित नहीं ठहराया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट की ताजा टिप्पणी इसी संतुलन की जरूरत को रेखांकित करती है। दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ हुए प्रदर्शन से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि किसी भी संगठन को किसी सार्वजनिक स्थल पर अनिश्चितकाल तक प्रदर्शन करने का हक नहीं है। प्रदर्शन के लिए निर्धारित स्थानों पर भी समय-सीमा होनी चाहिए, ताकि दूसरे संगठनों को भी अपनी बात रखने का अवसर मिल सके। लोकतंत्र में विरोध का अधिकार किसी एक संगठन की स्थायी संपत्ति नहीं हो सकता। दरअसल, सार्वजनिक स्थानों पर लंबे समय तक चलने वाले धरने-प्रदर्शनों का असर केवल यातायात तक सीमित नहीं रहता। इससे दुकानदारों, रेहड़ी-पटरी वालों, दिहाड़ी मजदूरों, नौकरीपेशा लोगों, विद्यार्थियों और मरीजों तक को परेशानी उठानी पड़ती है। दिल्ली के व्यापारिक संगठनों ने अदालत में दावा किया कि त्योहारों के सीजन में प्रदर्शनों के कारण कारोबारियों को करीब दो हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। किसी के विरोध के अधिकार की कीमत दूसरे नागरिकों को अपनी रोजी-रोटी गंवाकर नहीं चुकानी चाहिए। हालांकि, पूरे मामले का दूसरा पहलू भी उतना ही अहम है। प्रदर्शनकारियों को पुलिस कार्रवाई, हिरासत और निगरानी के नाम पर मनमानी का सामना नहीं करना चाहिए। सुनवाई के दौरान करीब सात हजार लोगों को हिरासत में लिए जाने और प्रदर्शनकारियों की निगरानी के कानूनी आधार पर सवाल उठाए गए। सरकार और पुलिस को यह स्पष्ट करना होगा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई किस कानून और किन परिस्थितियों में की गई। यही कारण है कि प्रदर्शन के अधिकार और सार्वजनिक व्यवस्था के बीच संतुलन बनाना आवश्यक है। सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वे शांतिपूर्ण प्रदर्शन के लिए पर्याप्त और सुविधाजनक स्थान उपलब्ध करवाएं। इन स्थानों का निर्धारण पारदर्शी नियमों के आधार पर हो और सभी संगठनों को समान अवसर मिले। दूसरी ओर, पुलिस को भी कानून के दायरे में रहकर कार्रवाई करनी चाहिए। शांतिपूर्ण प्रदर्शन और हिंसक या अवैध गतिविधियों के बीच स्पष्ट अंतर किया जाना जरूरी है। प्रदर्शन आयोजित करने वाले संगठनों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। उन्हें यह समझना होगा कि लोकतांत्रिक अधिकारों के साथ सामाजिक दायित्व भी जुड़े हैं। यदि किसी आंदोलन के कारण सड़कें बंद होती हैं, सार्वजनिक परिवहन बाधित होता है या कारोबार ठप पड़ता है तो इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। कई बार लंबे समय तक चलने वाले धरने इस बात का संकेत होते हैं कि संबंधित पक्षों की शिकायतों का समाधान नहीं हो पा रहा। प्रशासन को समय रहते बातचीत करनी चाहिए, ताकि असंतोष टकराव में न बदले। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का व्यापक संदेश यही है कि लोकतंत्र में अधिकार एकतरफा नहीं हो सकते। किसी एक वर्ग की आवाज बुलंद करने के लिए दूसरे वर्ग की आवाजाही और आजीविका बाधित करना लोकतांत्रिक भावना के अनुकूल नहीं है। लोकतंत्र की मजबूती इसी में है कि असहमति को जगह मिले और आम जनजीवन भी निर्बाध चलता रहे।



सियासत
प्रो.(डॉ) मनोज दयाल

लोकतंत्र में सबको चुनाव लड़ने का अधिकार है। आजकल चुनाव लड़ने से ज्यादा चुनावी दुकान खोलने का चलन बढ़ गया है। "माननीय" बनने की ऐसी होड़ लगी है कि जिसके पास चार लोगों का समर्थन नहीं, वह भी चार पहियों वाली गाड़ी पर अपना झंडा लगाकर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन बैठा है। किसी ने पार्टी बनाई तो किसी ने दल बदल लिया। नाम चाहे कुछ भी हो..! मकसद एक ही है – किसी तरह विधायक-सांसद की नेम प्लेट लग जाए। उत्तर प्रदेश से लेकर दिल्ली तक का राजनीतिक मौसम देखिए। जैसे ही चुनाव की आहट सुनाई देती है, वैसे ही कुछ रिटायर्ड अफसरों, पूर्व न्यायाधीशों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और हताश नेताओं के भीतर सोया हुआ 'जननायक' जाग जाता है।

किसी ने बनाई पार्टी, किसी ने बदला दल

राजनीति का नया शॉर्टकट..! माननीय बनने की होड़..! कोई अपनी पार्टी बना रहा है तो कोई दल बदल रहा है। यह हरकतें चुनावी आहट के साथ तेज हो रही हैं। सियासी हसरतें पूरी करने का चलन इस कंपन्न से झनझना उठा है। लोकतंत्र में सबको चुनाव लड़ने का अधिकार है। आजकल चुनाव लड़ने से ज्यादा चुनावी दुकान खोलने का चलन बढ़ गया है। "माननीय" बनने की ऐसी होड़ लगी है कि जिसके पास चार लोगों का समर्थन नहीं, वह भी चार पहियों वाली गाड़ी पर अपना झंडा लगाकर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन बैठा है। किसी ने पार्टी बनाई तो किसी ने दल बदल लिया। नाम चाहे कुछ भी हो..!

मकसद एक ही है - किसी तरह विधायक-सांसद की नेम प्लेट लग जाए। उत्तर प्रदेश से लेकर दिल्ली तक का राजनीतिक मौसम देखिए। जैसे ही चुनाव की आहट सुनाई देती है, वैसे ही कुछ रिटायर्ड अफसरों, पूर्व न्यायाधीशों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और हताश नेताओं के भीतर सोया हुआ 'जननायक' जाग जाता है। वे सोचते हैं, किसी पार्टी में जाकर टिकट मांगने से अच्छा है, अपनी ही पार्टी क्यों न बना ली जाए। टिकट मांगने का झंझट खत्म..! खुद ही टिकट बांटो, खुद ही अध्यक्ष बनो..! यह हसरतें पूरी करने का जो नया चलन है, वह चुनावी कैलेंडर के साथ और तेज हो गया है। 2027 के विधानसभा चुनाव अभी दूर हैं। पर उत्तर प्रदेश में अभी से सैकड़ों नई पार्टियों ने निर्वाचन आयोग के दरवाजे पर दस्तक दे दी है। कोई लखनऊ में प्रेस क्लब में पार्टी लांच कर रहा है तो कोई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में अपना घोषणा पत्र पढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर पार्टी का लोगो, झंडा और एक जोशीला नारा- बस, बन गए राष्ट्रीय अध्यक्ष। रिटायर्ड अफसरों की राजनीति..! पेंशन के बाद पद की तलाश..! इस दौड़ में सबसे आगे हमारे सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी हैं। जीवन भर फाइलों पर 'स्वीकृत' और 'अस्वीकृत' लिखने वाले ये अधिकारी रिटायरमेंट के बाद अचानक व्यवस्था को बदलने का सपना देखने लगते हैं। इस कड़ी में सबसे चर्चित नाम है विजय शंकर पांडे का। उत्तर प्रदेश कैडर के इस पूर्व आईएएस अधिकारी ने अपने कार्यकाल में भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग छेड़ने के लिए ख्याति अर्जित की थी। कहा जाता है कि उन्होंने प्रदेश के कई महाभ्रष्ट अधिकारियों को चिह्नित करने का बीड़ा उठाया था। उनकी छवि एक निर्भीक अधिकारी की थी। रिटायरमेंट के बाद उन्होंने सोचा कि व्यवस्था को फाइल से नहीं, मैदान से बदला जा सकता है। और फिर बना डाली अपनी पार्टी - लोक गठबंधन पार्टी। उनका तर्क है कि ईमानदार राजनीति ही भ्रष्टाचार का जवाब है। पर सवाल यह भी है कि क्या पार्टी बनाते ही जनता उनके पीछे चल देगी? इसी तरह एक और पूर्व आईएएस अधिकारी चंद्रपाल हैं। प्रशासन में लंबे अनुभव के बाद उन्होंने 'आदर्श समाज पार्टी' का गठन किया। उनका नारा है- समाज में आदर्श और समता स्थापित करना। वे दलित, पिछड़े और वंचित वर्ग की आवाज बनने का दावा करते हैं। प्रशासन में रहते हुए उन्होंने सिस्टम को अंदर से देखा। अब बाहर से उसे सुधारने निकले हैं। अब इस फेहरिस्त में नया नाम जुड़ा है -आईएएस दिव्या मित्तल का। अभी हाल ही में उन्होंने अपनी राजनीतिक पार्टी बनाने का ऐलान किया है। एक युवा, तेजतर्रार महिला अधिकारी के रूप में उनकी



पहचान रही है। उनका राजनीति में आना कई लोगों के लिए आश्चर्यजनक है तो कई लोगों के लिए यह संकेत है कि ब्यूरोक्रेसी में अब प्रतिभा घुटन महसूस कर रही है और उसे राजनीति में ऑक्सीजन तलाश रही है। क्या यह महज संयोग है कि ये सभी चुनाव से ठीक पहले सक्रिय होते हैं? नहीं, यह रणनीति है। चुनाव वह मौसम है, जब मीडिया को नए चेहरे चाहिए, जनता को नए विकल्प की तलाश होती है और ऐसे में अपनी दुकान सजाना सबसे आसान होता है। दलित राजनीति से राष्ट्रीय राजनीति तक का प्रयोग..! यह केवल आईएएस अधिकारियों तक सीमित नहीं है। इस ट्रेंड के पुराने खिलाड़ी भी हैं। उदित राज इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। भारतीय राजस्व सेवा से लेकर राजनीति तक उनका लंबा सफर रहा है। उन्होंने सबसे पहले इंडियन जस्टिस पार्टी बनाई थी। दलितों को न्याय दिलाने के नाम पर बनी यह पार्टी बाद में कांग्रेस, फिर भाजपा में विलीन होती-निकलती रही। उदित राज ने दिखाया कि पार्टी बनाना एक तरह से अपनी राजनीतिक कीमत बढ़ाने का तरीका भी है। आपकी अपनी पार्टी है, तो बड़ी पार्टियां आपको गठबंधन में लेने के लिए मजबूर होंगी। यही फॉर्मूला अब हर कोई अपना रहा है। जिसके पास 5 हजार वोट भी नहीं हैं, वह भी कहता है- हम 20 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे और किंगमेकर बनेंगे। हकीकत यह है कि वे किंगमेकर नहीं, अपने ही घर के मेकर भी नहीं बन पाते। इन दुकानों के बनने के तीन बड़े कारण हैं। पहला - टिकट का अभाव और व्यक्तिवाद का उभार। बड़ी पार्टियों में टिकट के लिए लंबी लाइन है। वहां जाति, पैसा और परिवारवाद हावी है। ऐसे में एक रिटायर्ड अफसर या सामाजिक कार्यकर्ता को लगता है कि वहां उसकी पूछ नहीं होगी। इसलिए वह अपनी पार्टी बनाकर खुद को 'हाईकमान' घोषित कर देता है। दूसरा - चुनाव एक उद्योग बन गया है। पार्टी बनाइए। चंदा लीजिए। थोड़ा प्रचार कीजिए और अगर एक-दो सीटों पर 10-15 हजार वोट काट दिए, तो बड़ी पार्टियों से सौदेबाजी का रास्ता खुल जाता है। कई पार्टियां तो इसी वोट-कटवा की भूमिका के लिए ही बनाई जाती हैं। तीसरा - सोशल मीडिया का भ्रम। फेसबुक पर 10 हजार फॉलोअर और यूट्यूब पर 2 लाख व्यूज देखकर लोगों को लगता है कि ये व्यक्ति लोकप्रिय है। यह वर्चुअल लोकप्रियता उन्हें जमीन पर भी नेता होने का भ्रम दे देती है। वे भूल जाते हैं कि लाइक वोट में नहीं बदलता। सवाल यह है कि क्या यह लोकतंत्र के लिए खतरा है? जवाब है- नहीं, पर चेतावनी जरूर है। भारतीय निर्वाचन आयोग के पास 2800 से ज्यादा पंजीकृत दल हैं, पर 90% दल ऐसे हैं जिन्होंने कभी एक भी चुनाव नहीं लड़ा। ये सिर्फ कागजों पर हैं। बैलेट पेपर पर एक ही नाम से मिलते-जुलते 4-5 निर्दलीय और छोटी पार्टियों के चुनाव चिह्न देखकर वोटर कन्फ्यूज हो जाता है। और यही इनका असली खेल है - वोट काटो, चुनाव प्रभावित करो। दूसरी तरफ, यह लोकतंत्र की जीवंतता भी है। अगर कोई विजय शंकर पांडे या चंद्रपाल या दिव्या मित्तल ईमानदारी से कोई विकल्प देना चाहते हैं, तो उनका स्वागत होना चाहिए। समस्या तब है, जब पार्टी का मकसद सिर्फ 'माननीय' बनने की हसरत पूरी करना हो, जनता की सेवा नहीं। पार्टी बनाना आसान है। पर पार्टी को विचार देना, कैडर बनाना और जनता का विश्वास जीतना सबसे कठिन तपस्या है। वह तपस्या न तो प्रेस कॉन्फ्रेंस से होती है। न ही लखनऊ-दिल्ली के होटलों में पार्टी लांच करने से। लोकतंत्र में दुकानें बहुत खुल गई हैं। पर ग्राहक यानी जनता बहुत समझदार हो गई है। वह जानती है कि कौन सेवा के लिए आया है, तो कौन मेवा के लिए और सिर्फ अपनी नेम प्लेट के लिए दलबदल कर बैठा है। चुनाव आएगा तो जनता इन दुकानों का शटर खुद ही गिरा देगी।

(लेखक कुशाभाऊ ठाकरे विवि, रायपुर के कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

आध्यात्मिक

विवेक मिश्रा



33 लाख दीप प्रज्ज्वलन का नया रिकॉर्ड बनाने का प्रयास

भारत की आध्यात्मिक धारा प्रकट से अप्रकट की ओर प्रवाहित है, इसी अंतःकरण के दीपपर्व का बाह्य मूर्त चित्रण दीपावली है। अपने परम आराध्य के प्रत्यक्ष सानिध्य की अभिलाषा में रत एक नगर का रोम-रोम आह्लादित हो उठता है। अयोध्या से आशय उस भूमि से है, जिस पर युद्ध द्वारा विजय नहीं प्राप्त की जा सकती है, युद्ध अर्थात द्वंद्व से निर्मित संघर्ष। जिस धरा या स्थान पर युद्धकारक द्वंद्व का अंत होता हो, वहां स्वतः ही राम अर्थात रमणीय आनंद का निवास होता है। योगीजन भी इसी राममयी ब्रह्म तत्व में सदैव लीन मिलते हैं। भारतीय सनातन संस्कृति का यह पौराणिक दर्शन, आज हमारे समक्ष अयोध्या के भव्य व दिव्य दीपोत्सव के रूप में साकार होता है। दीपावली के शुभयोग पर आगामी 7 नवंबर 2026 को सरयू जी के 56 घाटों पर एकसाथ 33 लाख दीप प्रज्ज्वलित कर एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करने का प्रयास होगा। श्री राम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में भी 1 लाख 11 हजार दियों का प्रज्ज्वलन होगा। ज्ञात हो विगत वर्ष 2025 में 26 लाख से अधिक दीप प्रज्ज्वलित कर रिकॉर्ड स्थापित किया गया है। गिनीज रिकॉर्ड स्थापित करने हेतु, सटीक मापदंडों की पालना करनी होती है। निगरानी रखने के लिए गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की एक आधिकारिक टीम मौके पर मौजूद रहती है। दीयों को व्यवस्थित रूप से दीप्त करने के लिए अवध विश्वविद्यालय समेत अन्य कॉलेजों के 35000 वालेंटियर को नियुक्त किया गया है। आयोजनों में 45 मिनट लंबा ड्रोन और लेजर शो भी रहेगा, जिसमें रामायण के प्रसंगों का सजीव चित्रण होगा। इस वर्ष 10 वे दीपोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शामिल होंगे, जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई अन्य कैबिनेट मंत्री भी उपस्थित रहेंगे। 2027 के विधानसभा चुनावों से पूर्व इस बार का सांस्कृतिक कार्यक्रम, राजनीतिक पक्षों के चुनावी समीकरणों से भी जुड़ेगा। पिछले दिनों अयोध्या में सपा प्रमुख अखिलेश यादव का दौरा हुआ और वे श्री राम जन्मभूमि मंदिर दर्शन करने नहीं पहुंचे। सामुदायिक वोट बैंक को साधने की कोशिशों का यह एक सुनियोजित क्रम रहा है। विपक्षी दल, ऐसे आयोजनों में सरकारी धन की फिजूलखर्ची और सरकार की ब्रांडिंग पर आरोप लगाते हैं। बीते दिनों प्रधानमंत्री के जन्मदिन और सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूर्ण होने पर, आयोजित 'आशीर्वाद का दिया'नामक कार्यक्रम की तीखी आलोचना विपक्षीय दलों व चिंतको ने की थी। मुख्य विरोध उत्तर प्रदेश और बिहार से ही शुरू हुआ था। बाढ़ के बीच जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग ने उत्सव मनाने के आधिकारिक निर्देश जारी किए , जिन्हें बाद में वापस लिया गया। प्रथम दृष्टया, यह प्रश्न उचित प्रतीत होता है। इस स्तर के बड़े आयोजनों में जहां 33 लाख मिट्टी के दिये, 65 लाख बातियां, लगभग 55 हजार लीटर सरसों का तेल और 150 किलो कपूर का इस्तेमाल होने वाला है ।

इन व्यवस्थाओं में होने वाले खर्चों का योग कितने अंकों तक पहुंचता है? इसका अनुमान ही हम लगा सकते हैं। परन्तु एक दूसरा व्यावसायिक पक्ष यह भी है कि इस एकमुश्त मांग की आपूर्ति में कई छोटे-बड़े व्यापारी, व्यवसायी या श्रमिक वर्ग लगे होते हैं। इन बड़े आयोजनों के माध्यम से, वह पर्याप्त लाभ व रोजगार पाते हैं। पर्यटन, विज्ञापन और स्पॉन्सरशिप के माध्यम से राजकीय कोष को भी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष लाभ पहुंचता है। वालंटियर के रूप में महाविद्यालयों के छात्रों का सहयोग,उन्हें संस्कृति से जुड़ने और परस्पर समन्वय के अवसर प्रदान करता है। भव्य आयोजनों से प्रतिष्ठित होती, नगर विशेष की अंतर्राष्ट्रीय छवि संपूर्ण राष्ट्र के लिए प्रगति के पथ को प्रशस्त करती है। अयोध्या में होने वाले दीपोत्सव को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखे जाने की अनिवार्यता को भी समझना चाहिए। मिट्टी के दीपक, बातियां, घी और सरसों का तेल पूर्णतः बायो डिग्रेडेबल हैं, अर्थात यह सभी सरलता से विघटित हो पुनः मिट्टी अथवा कार्बन स्वरूप में मिल जाते हैं। सरसों के तेल में 'एलील थियोआइसोसायनेट' नामक सक्रिय यौगिक होता है,जो तीखी गंध देता है। भारत भूमि के सबसे उन्नत आदर्श मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में प्रत्येक वर्ष नव-नवीन कीर्तिमान स्थापित करता, भव्य-दिव्य दीपोत्सव का आयोजन, सहज सर्वमान्य होना चाहिए। प्रभु राम तो स्वयं ₹पर्व₹ अर्थात जोड़ने वाले और ' उत्सव' अर्थात ऊपर उठते श्रेष्ठतम यज्ञ,उत्पत्ति और आनंद के स्वरूप हैं। यह तो हमारा दृष्टिकोण है कि, हम प्रभु मूर्त को किस दृष्टि से देख पाते हैं । जैसा कि, श्री राम चरित्र मानस में गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते हैं:- 'जाकी रही भावना जैसी। प्रभु मूरति देखी तिन्ह तैसी॥

चरित्र गठन की व्यायामशाला है संसार



संकलित
दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं।' तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ होओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन्य पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है। यही एक साधन है, जिससे हम पूर्ण बन सकते हैं। यदि हमने किसी गरीब को कुछ दिया, तो वास्तव में हम पर उसका आभार है, क्योंकि उसने हमें इस बात का अवसर दिया कि हम अपनी दया की भावना उस पर काम में ला सकें।

मूर्ख साधू और ठग



संकलित
प्रेरणा

किसी गाँव के मंदिर में देव शर्मा नाम का एक प्रतिष्ठित साधू रहता था। उसे अपने भक्तों से दान में तरह- तरह के वस्त्र, उपहार, खाद्य सामग्री और पैसे मिलते थे। उन वस्त्रों को बेचकर साधू ने काफी धन जमा कर लिया था। वह अपने धन को एक पोटली में रखता था और उसे हमेशा अपने साथ लेकर ही चलता था। उसी गाँव में एक ठग रहता था। ठग हमेशा साधू का पीछा किया करता था, लेकिन साधू उस गठरी को कभी अपने से अलग नहीं होने देता। उसने साधू से मिन्नत की कि वह उसे अपना शिष्य बना ले क्योंकि वह ज्ञान प्राप्त करना चाहता था। साधू तैयार हो गया और इस तरह से वह ठग साधू के साथ ही मंदिर में रहने लगा। ठग मंदिर की साफ सफाई से लेकर अन्य सभी कार्य भी करता था। एक दिन साधू को पास के गांव में एक अनुष्ठान के लिए आमंत्रित किया गया, साधू ने वह आमंत्रण स्वीकार किया और निश्चित दिन साधू अपने शिष्य के साथ अनुष्ठान में भाग लेने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में एक नदी पड़ी और साधू ने स्नान करने की इच्छा व्यक्त की। उसने पैसों की गठरी को एक कम्बल के भीतर रखा और उसे नदी के किनारे रख दिया। उसने ठग से सामान की रखवाली करने को कहा और खुद नहाने चला गया। ठग को तो कब से इसी पल का इंतज़ार था। जैसे ही साधू नदी में डुबकी लगाने गया, वह रुपयों की गठरी लेकर चम्पत हो गया। शिक्षाः किसी अजनबी की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर ही उस पर विश्वास नहीं कर लेना चाहिए।

अंतर्मन



आज की पाती

अपराध की काली कमाई सफेद करने का धंधा

मनी लॉन्ड्रिंग अर्थात धनशोधन आज केवल आर्थिक अपराध नहीं रह गया है, बल्कि यह संगठित अपराध, भ्रष्टाचार, मादक पदार्थों की तस्करी, आतंकवाद और अवैध व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण वित्तीय आधार बन चुका है। सामान्य शब्दों में कहें तो मनी लॉन्ड्रिंग वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से अपराध से अर्जित धन के वास्तविक स्रोत को छिपाकर उसे वैध अथवा कानूनी रूप से अर्जित धन के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। अपराधी जानते हैं कि केवल अवैध तरीके से धन कमाना पर्याप्त नहीं है। उस धन को ऐसी व्यवस्था में शामिल करना भी आवश्यक है जिससे उसकी वास्तविक उत्पत्ति का पता लगाना कठिन हो जाए।

– राजेश विश्वकर्मा, गरियाबंद

करंट अफेयर

न्यूयॉर्क में 30 साल में पहली बार खसरे से बच्चे की मौत



अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य के उत्तरी ग्रामीण इलाके में खसरे से संक्रमित एक बच्चे की मौत हो गई है। राज्य के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 30 साल में राज्य में खसरे से मौत का यह पहला मामला है। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने बताया कि बच्चे की मौत सिरैक्यूज से करीब 93 150 किलोमीटर उत्तर में स्थित लुईस काउंटी में हुई। अमेरिका ने उच्च टीकाकरण दर बनाए रखकर 2000 में देश के भीतर खसरे के प्रसार को रोक दिया था। हाल के वर्षों में टीकाकरण की दर में गिरावट आई है और यह इस बीमारी के प्रकोप को रोकने के लिए जरूरी 95 प्रतिशत के स्तर से नीचे पहुंच गई है। डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता होचुल ने बच्चे की मौत पर दुख जताते हुए कहा, ''यह घटना इस बात की याद दिलाती है कि जब वाशिंगटन जानबूझकर अमेरिकियों को ऐसी बीमारियों से बचाने की दशकों की प्रगति को कमजोर करता है तो कितना कुछ दांव पर लग जाता है।'' रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने इस साल अमेरिका में खसरे से संबंधित तीन मौतों की पुष्टि की है। विभिन्न राज्यों के स्वास्थ्य विभागों ने इससे अधिक मौतों की जानकारी दी है।

ऑफ बीट

आपके बलगम का रंग बताएगा आपकी सेहत



क्या आपने कभी सोचा है कि जब आप बीमार होते हैं तो आपके बलगम का रंग अलग क्यों होता है? शायद आप यह सवाल पूछने वाले पहले व्यक्ति नहीं हैं। वास्तव में कई कारण हैं कि जब आप बीमार होते हैं तो आपके नाक के बलगम का रंग बदल जाता है। नाक के बलगम का रंग और गाढ़ापन आपकी रोग प्रतिरोध प्रणाली के बारे में रोचक जानकारी दे सकता है, और यह भी बता सकता है कि आपका शरीर बीमारियों के प्रति कैसे प्रतिक्रिया करता है। बलगम हमारे नाक के मार्ग में स्थित ऊतकों द्वारा निर्मित होता है। अक्सर इसे केवल एक दिक्कत के रूप में देखा जाता है, लेकिन बलगम एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। असल में यह एक सुरक्षात्मक अवरोधक के रूप में कार्य करता है, जो धूल, किटाणु, वायरस और अन्य कणों को श्वसन प्रणाली के गहरे भागों तक पहुंचने से रोकता है। हमारे नाक के बलगम में मौजूद लाइसोजाइम और लैक्टोफेरिन जैसे एंजाइम में रोगाणुरोधी गुण भी होते हैं। वे किटाणु की कोशिका को तोड़ते हैं और किटाणु के विकास को सीमित करने में मदद करते हैं। यह सुरक्षात्मक भूमिका बलगम को प्रतिरोधक की एक महत्वपूर्ण रेखा बनाती है, ऐसे समय में भी जब हम अस्वस्थ न हों।

ट्रेंड

पिंक लाइन



पुणे मेट्रो की नई 'पिंक लाइन' इतनी खास क्यों है? यह 23 किमी लंबी लाइन हिंजवडी के आईटी हब को शिवाजीनगर से जोड़ती है। इसका संचालन महिलाएं करेंगी। इससे पुणे में 'जीवन सुगमता' को काफी बढ़ावा मिलेगा! -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

सेहत के साथ खिलवाड़ नहीं



तुर्कमान गेट पर 7,000 किलो मिलावटी खोया जब्त किया गया! त्योहारी सीजन के दौरान और पूरे साल दिल्ली भर में छापेमारी तेज की जाएगी। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। किसी को भी मुनाफे के लिए लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं दी जाएगी।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

बीजेपी खुद अराजक



बीजेपी तो खुद ही अराजकता है! बीजेपी के राज में कोई अपराधी नहीं पकड़ा जाएगा, क्योंकि अपराधी चाहे जो भी हो, वह बीजेपी में कहीं न कहीं कोई पदाधिकारी जरूर होगा। महिलाओं के आंसू बीजेपी की सत्ता को बहा ले जाएंगे!
- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

महंगाई मुक्ति यात्रा



भ्रष्टाचार और आसमान छूती कीमतों के खिलाफ गोवा के लोगों को एकजुट करने के संकल्प के साथ 'आप' 26 नवंबर से 19 दिसंबर तक 'महंगाई मुक्ति यात्रा' शुरू करेगी। हमारी व्यापक और परखी हुई गारंटियां सरल और सीधा समाधान देती हैं।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

अपने विचार

हरिभूमि कायार्लय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

रायपुर, बुधवार 4 नवंबर 2026 | कार्तिक कृष्ण पक्ष दशमी | वर्ष : 25, अंक : 106 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी







ऑनलाइन कारोबार 16 फीसदी कम ऑफलाइन 20 फीसदी ज्यादा

इस त्योहारी सीजन ऑनलाइन कारोबार को ऑफलाइन ने पटका, ऐसा पहली बार हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑनलाइन कारोबार के कारण लगातार ऑफलाइन कारोबार पर बड़ा असर हो रहा है। ऑफलाइन कारोबार आज की स्थिति में आधा हो गया है। ऐसे समय में ऑफलाइन कारोबार करने वालों के लिए यह एक अच्छी ▶▶|शेष पेज 5 पर

खास खबर



ऑफलाइन कारोबार बढ़ा

पहली बार त्योहारी सीजन में इस बार नवरात्रि में जो आंकड़े हम लोगों ने जुटाए हैं, उसके मुताबिक ऑनलाइन कारोबार 16 फीसदी कम हुआ है और ऑफलाइन 20 फीसदी बढ़ा है। दीपावली तक संभावना है कि आंकड़े और बदलेंगे और ऑफलाइन कारोबार में इजाफा ज्यादा होगा।

- अमर पारवानी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, कैट

ऑनलाइन में दाम भी कम

ऑनलाइन में मोबाइल, एलईडी, लैपटॉप, वाशिंग मशीन, फ्रीज से लेकर हर सामान बाजार से भी कम दाम में मिल रहा है। ई-कॉमर्स कंपनियां त्योहारी सीजन में ऑफर भी देती हैं। ऐसे में लोगों को इसका इंतजार भी रहता है। जो मोबाइल बाजार में 66 हजार में मिल रहा है, वही ऑनलाइन में 51 से 52 हजार में मिल रहा है। इसी तरह से जो 8 किलो की वाशिंग मशीन बाजार में 13 से 14 हजार में मिल रही है, वह ऑनलाइन में 10500 से 11 हजार में मिल रही है। इसी तरह से हर सामान की कीमत बाजार से 5 से 20 हजार तक कम होने के कारण ग्राहकों की रुचि ऑनलाइन खरीदारी में ज्यादा हो गई है।

10 मिनट में सामान घर पर

आज स्थिति यह हो गई कि कई ई-कामर्स कंपनियां कोई भी जरूरत का सामान आर्डर करने पर महज 10 मिनट में घर पर सामान पहुंचा रही हैं। यही नहीं, ज्यादातर सामान के दाम भी स्थानीय दुकानों से कम हैं। ऐसे में ग्राहक ऑनलाइन सामान मंगाने में ज्यादा रुचि ले रहे हैं। स्थानीय कारोबारी बताते हैं कि एक वह समय था जब ग्राहक एक माह या इससे ज्यादा समय का राशन अपने घरों में रखते थे, लेकिन अब ग्राहक बहुत कम सामान ले रहे हैं। ग्राहक जानते हैं कि उनका साबुन, पेस्ट, दाल, चावल, तेल, मसाले या फिर घर का कोई भी सामान खत्म हो जाएगा तो ऑनलाइन आर्डर करने पर महज दस मिनट में घर पर पहुंच जाएगा। ऐसे में ऑफलाइन कारोबार आधा हो गया है।

ओडिशा-तमिलनाडु और केरल में भारी बारिश, छत्तीसगढ़ में हल्की बारिश

'मुरासु' से तबाही...सड़कें डूबीं, पेड़ गिरे दो की मौत, हजारों एकड़ फसल बर्बाद!

विजयवाड़ा, विशाखापट्टनम और चेन्नई से करीब 30 उड़ानें रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भुवनेश्वर/रायपुर

मुरासु चक्रवाती तूफान ने आंध्र प्रदेश के तट के पास कई इलाकों में जमकर तबाही मचाई। कई इलाकों में बड़े-बड़े वृक्ष टूटकर धाराशायी हो गए।15 जिलों में करीब 30 हजार हेक्टेयर फसल नष्ट हो गई। तटीय शहरों में सड़कें डूब गईं और हाईवे पर वाहन फंस गए। सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। मंगलवार को विजयवाड़ा, विशाखापट्टनम, तिरुपति और चेन्नई एयरपोर्ट से 30 उड़ानें रद्द रहीं। ओडिशा में भी भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ।

चक्रवाती तूफान 'मुरासु' ने मंगलवार सुबह आंध्र प्रदेश के तटीय क्षेत्र में भारी तबाही मचाई जहां हजारों पेड़ उखड़ गए, बिजली के सैकड़ों खंभे और मछुआरों की नौकाएं क्षतिग्रस्त हो गईं। चक्रवाती तूफान मुरासु ने नेल्लोर और नरसापुर के बीच ओंगोल में तबाही मचाई। इसके अलावा कोनासीमा जिले में पेड़ गिरने से एक महिला की मौत हो गई। राहत-बचाव की टीम मलबे को हटाने का काम शुरू कर दिया है। मुरासु चक्रवाती तूफान की रफ्तार 120 किलोमीटर प्रति घंटे तक की आई। नेल्लोर और नरसपुर के बीच इसने जमकर तबाही मचाई। आंध्रप्रदेश के तट से टकराया चक्रवाती तूफान मुरासु तेलंगाना की ओर चला गया है। चक्रवाती तूफान मुरासू की रफ्तार 100 से 120 किलोमीटर प्रति घंटे तक रही। इस तूफान का असर तमिलनाडु और केरल में भी देखने को मिला। तमिलनाडु के चेन्नई, चेंगलपट्टू और तिरुवल्लूर में भारी बारिश हुई। मुरासु के प्रभाव से आंध्र प्रदेश के बापटला में सबसे अधिक 222.4 मिलीमीटर बारिश हुई।

छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में असर

चक्रवाती तूफान मुरासु का असर तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में भी देखने को मिला। विशाखापत्तनम में स्थित डॉप्लर वेदर रडार के जरिए इस पर लगातार नजर रखी जा रही है। ओडिशा के गंजाम, गजपति, रायगढ़ा, कोरापुट और मलकानगिरि जिलों में भारी बारिश, बिजली चमकने और तेज हवाओं का असर देखा गया।





तमिलनाडु में भारी बारिश, कुड्डालोर में स्कूल बंद

तमिलनाडु के कुड्डालोर में मंगलवार को स्कूल बंद रहे। साइक्लोन मुरासु की वजह से भारी बारिश हुई। कुड्डालोर डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर ने ये ऑर्डर तब जारी किए जब जिले के कई हिस्सों में आंधी-तूफान, बिजली कड़कने और लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा।

मछुआरों को 2 दिन समुद्र में न जाने की सलाह

विशाखापत्तनम मौसम विभाग के निदेशक पीएलएन मूर्ति के मुताबिक, चक्रवाती तूफान मुरासु मंगलवार सुबह 3:30 से 5:30 बजे के बीच ओंगोल के पास आंध्र प्रदेश के तट को पार कर गया। फिलहाल यह दक्षिण आंध्र प्रदेश के तट के पास गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में मौजूद है। अगले 12 घंटे में इसके उत्तर-उत्तरपश्चिम दिशा में बढ़ने और मंगलवार दोपहर तक कमजोर होकर चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना है।

4 ट्रेनों का बदला रास्ता

तूफान मुरासु के कारण आंध्र प्रदेश में विजयवाड़ा-ओंगोल-गुडूर रेल सेक्शन पर ट्रेनों की आवाजाही रोक दी गई है। तेज हवाओं और खराब मौसम को देखते हुए साउथ कोस्ट रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा के लिए कई ट्रेनों के रूट बदल दिए हैं। कुछ ट्रेनों को रास्ते में रोककर चलाया जा रहा है।

शहर में दिल्ली का आर्टेमिस शांति हॉस्पिटल, शाह ने किया लोकार्पण



300 बिस्तरों वाले इस अस्पताल में सुपर स्पेश्यलिटी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राजधानी के देवेंद्र नगर, पंडरी में 300 बिस्तरों वाले आर्टेमिस शांति हॉस्पिटल का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विशेष रूप से किरण सिंह देव उपस्थित रहे। गुरुग्राम स्थित प्रतिष्ठित आर्टेमिस हॉस्पिटल्स के विस्तार के रूप में स्थापित यह सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल छत्तीसगढ़ सहित मध्य भारत के मरीजों को आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध ▶▶|शेष पेज 5 पर

- गुरुग्राम के आर्टेमिस हॉस्पिटल्स का दिल्ली-एनसीआर से बाहर पहला विस्तार



एक ही छत के नीचे मिलेंगी 30 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं

आर्टेमिस शांति हॉस्पिटल में हृदय रोग, न्यूरोसाइंस, कैंसर उपचार, हड्डी एवं जोड़ रोग, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, किडनी एवं यूरोलॉजी तथा गंभीर मरीजों की देखभाल सहित कई चिकित्सा क्षेत्रों में विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। अस्पताल में 11 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और 30 से अधिक चिकित्सा एवं शल्य चिकित्सा विशेषज्ञताओं के माध्यम से मरीजों को समग्र उपचार देने की व्यवस्था की गई है।

आधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर

अस्पताल में आधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, अत्याधुनिक गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू), उन्नत इमेजिंग एवं जांच सुविधाएं तथा 24 घंटे आपातकालीन और ट्रॉमा सेवाओं की व्यवस्था की गई है। इन सुविधाओं के माध्यम से गंभीर बीमारियों के निदान से लेकर जटिल ऑपरेशन और उपचार तक की सेवाएं एक ही परिसर में उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

अनिल अंबानी समूह के दो विमान कुर्क

नई दिल्ली। ईडी ने कहा कि उसने रिलायंस अनिल अंबानी समूह के खिलाफ कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन की जांच के तहत दो विमानों सहित 510 करोड़ रुपए की संपत्तियां कुर्क की हैं। यह जांच रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड के खिलाफ 263.05 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के आरोपों तथा रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड के खिलाफ 247.12 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के आरोपों से संबंधित है।

इंडिगो की उड़ान में यात्री ने आपातकालीन निकास प्रणाली से छेड़छाड़ की

पुणे। दिल्ली से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद इंडिगो की उड़ान में सवार 33 वर्षीय एक यात्री ने कथित तौर पर आपातकालीन निकास द्वार के लीवर के कवर से छेड़छाड़ की, जिससे हवा में विमान में सवार लोगों में दहशत फैल गई। यह घटना सोमवार को पुणे जा रही उड़ान संख्या 6E6884 में हुई। यात्री गौरव सत्येंद्र रौतेला, जो सासवड का निवासी है, आपातकालीन निकास द्वार के पास बैठा था और उसने कथित तौर पर द्वार की प्रणाली से छेड़छाड़ की। रौतेला ने दावा किया कि उसने जिज्ञासावश कवर को छुआ था कि वह क्या है।

राहुल की पीएम मोदी को चुनौती

'डरिए मत मोदी जी, आमने-सामने बैठकर बहस कर लेते हैं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर खुली बहस की चुनौती देते हुए कहा है कि वह किसी भी मंच और किसी भी स्थान पर प्रधानमंत्री के साथ आमने-सामने बैठकर चर्चा करने के लिए तैयार हैं। राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री विपक्ष को देशद्रोही बताते हैं, ऐसे में यह तय होना चाहिए कि वास्तव में देशद्रोही कौन है और विदेशी ताकतों से किसके संबंध हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से कहा कि वह जल्द से जल्द इस चुनौती को स्वीकार करें और डरें नहीं।

- अमेरिकी डील से एपस्टीन तक उठाए सवाल

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी अपने वीडियो संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को बहस की चुनौती दिए हुए 24 घंटे हो चुके हैं, लेकिन अभी तक उनकी ओर से कोई जवाब नहीं आया है। उन्होंने कहा, 24 घंटे हो गए मोदी जी। मैंने आपको चैलेंज दिया है। आप कहते हो कि विपक्ष देशद्रोही है। किसी भी स्टेज पर, किसी भी जगह चुनिए और मेरे साथ डिबेट कीजिए।



इधर, रिजिजू ने राहुल का उड़ाया मजाक

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'विदेशी मदद' के मुद्दे पर खुली बहस की चुनौती दिए जाने का मजाक उड़ाते हुए मंगलवार को कहा कि यह वैसा ही है जैसे 'इस्लामी कट्टरपंथी धर्मनिरपेक्षता की बात करें।' रीजीजू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, 'उच्च स्तर की बहस परिपक्व लोगों के बीच होती है। गांधी ने देश को अस्थिर करने के लिए विपक्ष पर विदेशी मदद लेने का आरोप लगाने को लेकर प्रधानमंत्री मोदी पर सोमवार को पलटवार किया था और उन्हें इस मुद्दे पर खुली बहस करने की चुनौती दी थी। इधर, भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने यहां भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, अराजक 'कॉकरोच' और विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित ये सभी लोग 'सत्ता परिवर्तन' के लिए देश के सामने अराजकता का एक मॉडल पेश कर रहे हैं।

मोहन भागवत को भी बना सकते हैं निर्णायक

राहुल गांधी ने बहस की रूपरेखा भी सामने रखी। उन्होंने कहा कि इस चर्चा में दोनों पक्षों की मौजूदगी होगी, मीडिया और देश के युवा भी वहां मौजूद रहेंगे। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बैठेंगे और दूसरी तरफ वह स्वयं होंगे। बहस के लिए निर्णायक का चयन भी प्रधानमंत्री अपनी पसंद से कर सकते हैं। उन्होंने यहां तक कहा कि यदि प्रधानमंत्री चाहें तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत को जज बनाया जा सकता है। राहुल ने कहा कि बहस पूरी तरह खुली होनी चाहिए, ताकि देश के सामने सभी सवालों और आरोपों पर स्पष्ट स्थिति सामने आ सके।

रायपुर-दुर्ग रोड घंटों रहा जाम



भिलाई। नेशनल हाईवे-53 पर कुम्हारी स्टेशन चौक ओवर ब्रिज के पास मंगलवार की शाम करीब साढ़े 7 बजे तेल से भरा टैंकर पलटने से रायपुर-दुर्ग मार्ग पर लंबा जाम लग गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक जाम 3 किलोमीटर से ज्यादा लंबा था। रात करीब साढ़े 9 बजे तक वाहन रेंगते हुए गुजरते रहे। हालांकि रायपुर से दुर्ग आने वाले वाहन चालकों को अमलेश्वर रोड की ओर डायवर्ट किया गया था।

नेपाल के एवरेस्ट क्षेत्र में हादसा

लैंडिंग के दौरान दो हेलीकॉप्टर टकराए, भारतीय की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| काठमांडू

नेपाल के सोलुखुम्बु जिले के एवरेस्ट क्षेत्र में आज सुबह एक भीषण हवाई हादसा हो गया। फेरीचे हेलीपैड पर लैंडिंग के दौरान दो हेलीकॉप्टरों की आपस में जबरदस्त टक्कर हो गई। इस हादसे में एक भारतीय टूरिस्ट वसंत कुमार बालारामारामाडु की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि न्यूजीलैंड के भारतीय मूल के नागरिक शैलेश कृष्ण पटेल और दोनों हेलीकॉप्टरों के पायलट गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। यह दुर्घटना खुम्बु पासांग ल्हामु स्थित फेरीचे हेलीपैड पर सुबह 8:11 बजे हुई।



पर्यटक की मौत एनआरआई गंभीर

नेपाल पुलिस के इंस्पेक्टर तामांग ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि फिशटेल एयर में सवार भारतीय पर्यटक वसंत कुमार बालारामारामाडु की हादसे में जान चली गई। वहीं, इसी हेलीकॉप्टर में सवार न्यूजीलैंड निवासी भारतीय मूल के शैलेश कृष्ण पटेल गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

भारत एशिया की दूसरी सबसे बड़ी उच्च शिक्षा व्यवस्था बना

एशिया के टॉप 100 संस्थानों में भारत के 5 आईआईटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

एशिया की यूनिवर्सिटी की नई रैंकिंग में भारत की मौजूदगी पहले से मजबूत हुई है। 'क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंगः एशिया 2027' में भारत एशिया में सबसे अधिक यूनिवर्सिटी वाले देशों और शिक्षा प्रणालियों में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। इस मामले में केवल चीन भारत से आगे है। मंगलवार को घोषित क्यूएस रैंकिंग के अनुसार, भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलुरु और पांच भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) एशिया के शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों में शामिल हैं। हालांकि पिछले वर्ष की तुलना में इन सभी की रैंकिंग में कई स्थानों की गिरावट आई है।



प्रधानमंत्री मोदी ने की तारीफ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उन्हें क्यूएस एशिया रैंकिंग में भारतीय विश्वविद्यालयों की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि देखकर खुशी हुई है। उन्होंने कहा हमारी सरकार अनुसंधान और नवाचार पर ध्यान केंद्रित करते हुए, हमारे युवाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने को प्रतिबद्ध है। मोदी ने कहा, हम भारतभर में और अधिक शैक्षणिक संस्थानों को सक्षम बनाकर इस क्षेत्र में संस्थागत क्षमता को बढ़ा रहे हैं।

एशिया के टॉप 10 विश्वविद्यालय

रैंक 1 - हांगकांग विवि, रैंक 2 - पेकिंग विवि, रैंक 3 - नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, सिंगापुर, रैंक 3 - नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ़ सिंगापुर, रैंक 5 - फ़ुदान विवि, रैंक 6 - हांगकांग विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, रैंक 7 - सिटी यूनिवर्सिटी ऑफ़ हांगकांग, रैंक 7 - द चाइनीज़ यूनिवर्सिटी ऑफ़ हांगकांग, रैंक 9 - सिंघुआ विवि, रैंक 10 - हांगकांग पॉलिटेक्निक विवि।

भारत के इन संस्थान को मिला स्थान

रैंक 59- आईआईटी दिल्ली, रैंक 64- आईआईएससी बैंगलोर, रैंक 70- आईआईटी मद्रास, रैंक 71 - आईआईटी बॉम्बे, रैंक 77- आईआईटी कानपुर, रैंक 77- आईआईटी खड़गपुर, रैंक 114- आईआईटी रुड़की, रैंक 115- आईआईटी गुवाहाटी, रैंक 156- वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, वेल्लोर, रैंक 206- मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन, मणिपाल, कर्नाटक। पिछले साल की रैंकिंग की तुलना में 36 भारतीय संस्थानों में सुधार हुआ है।

परब विशेष

डा. पीसी लाल यादव

गौरा गीत में राम कथा



छत्तीसगढ़ का गौरा पर्व एक अनुष्ठानिक पर्व है। जिसे मूलतः गोड़ जाति के लोग मनाते हैं। लेकिन गौरा का पर्व अब गाँव के सभी समाज के लोगों द्वारा मनाया जाता है। यह लोक की व्यापकता और उसकी लोकप्रियता का प्रमाण है। गौरा पर्व लोक रूप में शंकर और पार्वती का विवाह है। इसे लोक व्यवहार में सम्पूर्ण वैवाहिक नियमों के द्वारा सम्पन्न किया जाता है। गौरा परब में पार्वती 'गौरी' और शंकर 'इसर राजा' के रूप में लोक पूज्य हैं। इसकी एक लोक धारणा है वह यह कि एक आदिवासी महिला जो निसंतान थी उसकी इच्छा थी कि शंकर जी उसका दामाद बने। इसलिए उन्होंने शंकर जी की तपस्या की। शंकर जी प्रसन्न हो गए, भोले भंडारी जो ठहरे। उन्होंने कहा वरदान मांगो। महिला ने कहा- तुम मेरे दामाद बनो। शंकर जी ने वरदान दे दिया। तब महिला ने कहा- किन्तु महाराज मेरी कोई बेटी नहीं है। शंकर जी ने फिर कहा- पार्वती तुम्हारी कोख से गौरा के रूप में जन्म लेगी। कुछ दिनों बाद वरदान सच साबित हुआ। पार्वती ने आदिवासी महिला की कोख से गौरा के रूप में जन्म लिया। तब भगवान शंकर का 'गौरा' को ब्याहने के लिए ईसर राजा के रूप लोक अवतरण हुआ।

कार्तिक अमावस्या के पूर्व विवाह के सारे नियमों को पूर्ण करते हुए ग्रामीणों द्वारा मिट्टी की शंकर-पार्वती की मूर्ति बनाकर ₹गौरा-गुड़ी₹ जिसे गौरा चौरा भी कहा जाता है में रखा जाता है। उस स्थान में ही गौरा पर्व मनाया जाता है। सुवा नृत्य गौरा पर्व का ही एक अंग है, जिसमें नृत्य के दौरान मिले अन्न और राशि को 'गौरा' पर्व में खर्च किया जाता है। गौरा पर्व धार्मिक अनुष्ठान के साथ-साथ सामाजिक सद्भाव और सहकार का सुंदर उदाहरण है। इस समय गाये जाने वाले गीत 'गौरा गीत' कहलाते हैं। गौरा गीतों में राम कथा का उल्लेख आता है। गौरा विसर्जन के समय महिलाओं द्वारा गीत गाया जाता है। उसमें राम जी व सीता जी का उल्लेख मिलता है।

एक पतरी चढ़ायेन गौरी खड़े हो बेलवासी
आमा च आमा पूजेन गौरी मांझे चौरासी
रैनिया के भौनिया रंग परे कस्तुरिया
आगू-आगू राम चले पाछू म भौजइया।

आगे-आगे राम जी चल रहे हैं उसके पीछे मध्य में भउजइया अर्थात सीता जी चल रही हैं और सबसे पीछे लक्ष्मण जी।



गांव की कहानी

डा. गीतेश कुमार अमरोहित

भगवान राम वन गमन को स्मरण कराता विश्राम वट



जांजगीर चाम्पा अंतर्गत धार्मिक महत्व के स्थल शिवरीनारायण मंदिर से लगभग 3 किलोमीटर की दूर महानदी पार कर दूसरे किनारे पर निंधौरी गांव के निकट है वटवृक्ष। स्थानीय निवासी इसे विश्राम वट कहते हैं। इस वट वृक्ष के पत्ते की क्षेत्र में अच्छी मान्यता है। प्राकृतिक रूप से दोने के आकार के होते हैं। ऐसी मान्यता है कि इसी दोने में माता शबरी ने वनवास काल के दौरान इस स्थल पर भगवान राम पहुंचे तो उन्होंने अपने जूठे बेर खिलाये थे। एक किंवदंती के अनुसार श्रीराम, लक्ष्मण तथा सीताजी ने इस वट वृक्ष के नीचे विश्राम किया था। इसीलिए इसे विश्राम वट कहते हैं। श्रीराम की वन यात्रा में उन्होंने महानदी के किनारे-किनारे बहुत लंबी दूरी तय की थी।

परंपरा

डा. रमाकांत सोनी

गौरा पूजन के समय किया जाता है फूल कुचरनी नेंग



छत्तीसगढ़ के ग्रामों कस्बों में गौरा-चौरा होता है। इसी चौरे में गौरा-गौरी की पूजा होती है। यहीं वे इनका ब्याह रचाते हैं। गौरा विशेषकर गोंड़ आदिवासियों का महत्वपूर्ण धार्मिक उत्सव है। यह उत्सव कार्तिक मास में दिवाली के समय मनाया जाता है। ₹गौरा₹ स्थापना कार्तिक अमावस्या के लगभग एक सप्ताह पूर्व होता है। सर्वप्रथम गौरा चौरा के पास जमीन में गड्ढा खोदकर फूल कुचरने का नेंग पूरा किया जाता है। जमीन को थोड़ा खोदकर उसमें ताम्बा का टुकड़ा, मुर्गी का अंडा और पाँच प्रकार के फूलों को डालकर मूसल से कूटा जाता है तदुपरांत उसके ऊपर बोर झरी का कांटा रखा जाता है। इसी स्थान पर महिलाएँ प्रतिदिन एकत्र होकर चाँवल चढ़ाती हैं। इस अवसर पर उत्सव के उमंग में नारी कंठ कोमल स्वरों से यह गाने लगता है--

एक पतरी रैनी भयनी, राय रतन हो दुर्गा देवी
तोरे शीतल छांव, चौकी चंदन हो पिदुली
गौरी के होथय मान, जइसे गौरी हो मान तुम्हारे
तइसे कोरवा के डार, कोरवा असन डोंहड़ी
परने ल खाथय हो, फूले पहिरथय
खेलय सगरी के पार।

लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

परब विशेष

टीकेश्वर सिन्हा ' गब्दीवाला '

लोगन के मन म उमंग भर देथे देवारी अउ दोहा





हमर छत्तीसगढ़ के संस्कृति में मिलजुल के एक-दूसर ल हाँसी-खुसी बाँटे के बड़ सुग्घर परम्परा हावै-तिहार मनाय के परम्परा। वइसे छत्तीसगढ़ में पारम्परिक तिहार बारो महिना मनाय जाथै, जेमा देवारी प्रमुख हे। देवारी हिंदी के दीवाली शब्द के अपभ्रंस शब्द आय। देवारी तिहार ल कार्तिक महिना के अंधियारी पाख के अमावस में मनाय जाथै। ये तिहार सरलग पाँच दिन ले मनाय जाथै। वइसे तिहार ले लोकगीत अउ लोकनृत्य घलो जुड़े रथय। लोकगीत में गवरागीत अउ सुवागीत। लोकनृत्य में सुवानृत्य अउ राउतनृत्य। ये राउतनृत्य याने गहिरा नाच ह सिरहोती के दिन ले सुरू होथय अउ मातर, जेठउनी, मड़ई-मेला तक चलथै।

गहिरा नाच में हमर गहिरा भाई मन नवां-नवां छिटहीं कुरता, घोंती, मंजुर पाँख खोंचाय रंग-बिरंग के पागा, दुनों खांद में कौड़ी गुंथाय गहना अउ दुनों गोड़ में घुंघरू पहिरे, दुनों हांथ में रंग-बिरंग के तार-फरिया लपटाय करिया-करिया लउठी घरे अलग-अलग ढंग ले गोल माँवर नाचत-नाचत हाना अउ कविता ल तुकबंदी करथयं, जेला दोहा परई कहे जाथय। वइसे दोहा हिंदी काव्य साहित्य के मात्रिक छंद आय जेमा चार चरन होथे अउ हर चरन में तेरह-ग्यारह मात्रा लगे रथैं। पर हमर रउत भाईमन के दोहा में मात्रा के अनिवार्यता नी रहाय। गहिराभाई मन हा सिरहोती रात में गाँव के दिही-डोंगरी ल पूजा करे बर जावत गउरीगनेस ल सुमरत दोहा पारथैं-

अरे रे अरे...
सदा भवानी दाहिनी, सनमुख गवरी गनेस।
पाँच देव रक्छा करै, ब्रम्हा बिस्नू महेस।

सुरहोती के दूसर दिन गोबरधन पूजा होथै। इही दिन जम्मों गहिरा मन बारा-साढ़े-बारा बजत ले नहाखोर के अपन-अपन ठाकुर (मालिक) मन घर गाय ल परसा जर अउ मंजुरपाँख के बने सोहई बांधे बर जाय के पहिली अपन घर के दिही-डोंगरी के पूजा कर के एक जगा सकलाथैं अउ जुजुक-जुजुक...करत



नाचत-कूदत
गाँव के गंवटिया घर सोहई बांधे बर जावत अइसन ढंग ले दोहा पारथैं-

जात के मंय गहिरा संगी, बुधारू मोर नाँव।
तरिया के बर कदम अस, गोकुल कस मोर गाँव।

गंवटिया घर के मुंहांटी में अमरते भार जेन गहिरा (पहाटिया) ढँकर घर के गरूवा चराथे, तेन हा अपन दूनों गोड़ ल थोरिक बकरा के अउ लउठी उपर डहर हलावत अपन ठाकुर ल दोहा पारत ताना मारथै-

वोल्की कोल्की बइला चरायेंव, बइला के सिंग में माटी।
ठाकुर घर जोहारे ल आयेंव, बुचवा हांड़ी में बासी।

गोबर में सुग्घर अकन ले लिपाय दुआर में गहिराभाई मन नाचत-कूदत रथैं। बाजा के बंद होय ले घर के पहाटिया ह कोठा में जा के सोहई बांधत गाय ल सुनाथै-

बारो महिना तोला चरायेंव धौंरी,
तोर सन भटकेंव खारे-खार।
भर दे कोठा ल मोर ठाकुर के,
जेमा तोरो होवय उद्धार।

ताहन गाय ल सोहई घर के निकालत एक हांथ में लउठी धरे माता पार बाजत बाजा संग दोहा पारत मनमांड़े घोलंडथै, जेला ₹ कासन चघई₹ कहे जाथै।

बाघ-बाघ कहे संगी, बाघ काँह ले आय।
बाघ ढिलागे मोर ठाकुर के, कोनों पार न पाय।₹

येकर बाद गंवटनीन हा दान के रूप में पइसा अउ नवां गोंती रखे सुपा में धान, जेला ₹ सुखधना₹ कहे जाथै, दुवार में गढ़हाथै ताहन पहाटिया ह थोरिक कइंचा गोबर धर के सुखधना के धान में लोटावत-गोलियावत गंउटिया-गंउटनीन अउ जम्मों झन ल सुख-समृद्धि के असीस देवत राग लमियाथै ये दइसेने ढंग ले-

ए...ए....ए....
जैसे के मालिक लिये-दिये, तइसे देबो असीस।
रंगमहल में बइठो मालिक, जियो लाख बरीस।
धन दोगानी भुंइया पावौ, पाववं हमर असीस।
नाती-पूत ले घर भरै, जियो लाख बरीस।।

धार्मिक : घनश्याम सिंह नाग

मन्नतें पूरी करती हैं मां अन्नपूर्णा



शिल्प कला की दृष्टि से बस्तर अंचल का बड़े डोंगर एक समृद्ध नगर रहा है। यहां तालाब किनारे, जंगल में, पहाड़ में, यत्र-तत्र मूर्तियाँ बिखरी पड़ी मिलती हैं। इनमें से कुछ मूर्तियाँ तो शिल्प कला की दृष्टि से निःसन्देह दुर्लभ और बेजोड़ हैं। महिषासुर मर्दिनी (दन्तेश्वरी) मंदिर के गर्भगृह में पहुँचने के पहले वाले कक्ष के अन्दर ऐसी ही एक दुर्लभ और बेजोड़ मूर्ति है माँ अन्नपूर्णा भवानी की। विश्व का पोषण करने वाली माँ अन्नपूर्णा के रूप की अद्भुत कल्पना कर शिल्पकार ने प्रतिमा को मूर्त रूप दिया है। आमतौर पर इसे भगवान विष्णु की प्रस्तर प्रतिमा समझी जाती है, परन्तु गौर से देखने पर पता चलता है कि ये जग पालनकर्तृ अन्नपूर्णा हैं। उँगलियों से चोट करने पर धातु की सी आवाज आती है, इसलिए यह अनुमान लगाया जाना कठिन है कि यह अष्टधातु की मूर्ति है या किसी विशेष पत्थर से बनी है। मूर्ति के सम्बन्ध में ग्रामीणों तथा पुजारियों को भी नहीं मालूम है कि यह प्रस्तर प्रतिमा है, या किसी धातु से बनी है। यों ही मंदिर के एक कक्ष के कोने में आले पर इसे रख दिया गया है। चार भुजाधारी इस मूर्ति के बाँईं ओर की एक हाथ (ऊपर) की हथेली में विघ्न विनाशक गणेश जी को बालक रूप में बैठे हुए दिखाया गया है और बाँईं ओर की दूसरे हाथ (नीचे) में जगत के पोषण के लिए अन्नपूर्णा पात्र धारण किये हुए दिखाया गया है। अन्न का भण्डार कभी खत्म न होने वाली इस अन्नपूर्णा पात्र को अक्षय पात्र भी कहा जाता है। दाँईं ओर की एक हथेली पर (ऊपर) जगत पिता भगवान शंकर का विग्रह, (जलहरि युक्त शिवलिंग) को धारण किये है तो दूसरे हाथ (नीचे) में लक्ष्मी रूप में धन की वर्षा करती हुई शिल्पांकित की गई है। मस्तक में किरीट, कान में कुण्डल, कलाइयों में कड़े और गले में माला विराजमान है। नीचे (चरणों के पास) दाएँ-बाएँ खड़ी देवियाँ रिद्धि-सिद्धि प्रतीत होती हैं। दुर्लभ और बेजोड़ यह मूर्ति प्राचीन काल में बस्तर की उन्नत शिल्प कला को प्रदर्शित करती है।

सुरता

लखनलाल साहू ' लहर '

बांसगीत में पारंगत विक्रम यादव ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई



छत्तीसगढ़ के ग्राम खैरा (रवेली) जिला राजनांदगांव निवासी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाले बांस गायक कलाकार विक्रम यादव विगत कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन से कला जगत को अपूरनीय क्षति हुई है विक्रम यादव जी छत्तीसगढ़ी लोकगाथा 'बांस गीत' की विलुप्त होती बांस वादन परंपरा को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान दिलाने वाले एक प्रतिभा संपन्न एवं समर्पित लोक कलाकार थे ।उनकी दीर्घ एवं विलक्षण कला-साधना को छत्तीसगढ़ी कला जगत हमेशा याद करेगी। बांस, बांसुरी एवं बीन वादन में आपकी अद्भुत प्रतिभा, दीर्घ साधना और समर्पण ने छत्तीसगढ़ की लोककला एवं लोकपरंपरा को नई ऊँचाइयाँ प्रदान की हैं। आपने वर्ष 1971 में अंतरराष्ट्रीय रंगकर्मी हबीब तनवीर के 'नया थिएटर' से जुड़कर रायपुर, दिल्ली, भोपाल, कलकत्ता, दुर्गापुर, शोलापुर, उत्तर प्रदेश, पुणे, हरियाणा, कोल्हापुर, सतारा, मुंबई एवं अहमदाबाद सहित देश के विभिन्न स्थानों पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। विदेशों में भी अपनी बांस वादन कला की प्रस्तुति देकर आपने छत्तीसगढ़ की लोककला का गौरव बढ़ाया तथा राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के समक्ष भी अपनी कला का प्रदर्शन किया। वर्ष 2007 में रंगकर्मी अनुपरंजन पांडेय के 'बस्तर बैंड' से जुड़कर आपने देश-विदेश में अपनी सांस्कृतिक सहभागिता को निरंतर आगे बढ़ाया।

संस्कृतिः डा. ज्योति किरण चंद्राकर

गौ की पूजा की जाती है गोवर्धन पूजा के दिन

छत्तीसगढ़ अंचल में गोवर्धन पूजा का विशेष महत्व है। गोवर्धन पूजा लोग अपने गौशाला में करते हैं तथा सामूहिक रूप से राऊत जाति के लोग संध्या दैहान में करते हैं। इस दिन श्रीकृष्ण जी ने गोवर्धन पर्वत धारण कर इंद्र के वज्र और कोप से लोगों की रक्षा की थी इसलिए उनकी स्मृति में गोवर्धन बना कर पूजा करने की परम्परा प्रचलित है।

लोग गौशाला में रावत द्वारा गोबर से श्री कृष्ण की प्रतीकात्मक मूर्ति व गोवर्धन पर्वत का प्रतिरूप बनवाते है जिसे सिलियारी, फूल व धान की बालियों से सजाया जाता है। उसके ऊपर मिट्टी का कलश व दीया रखा जाता है। रावत पशुओं, गायों को नहलाकर गौशाला में गोवर्धन के ऊपर चलाता है तब गृहस्वामिनी गायों व बछड़ों की पूजा करती हैं व गायों को खिचड़ी खिलाती है। खिचड़ी में दाल, चावल, चौसेला, खीर, बड़ा पूड़ी, सब्जी (कोचई, कदू जिमीकंद, शकरकंद) आदि को एक साथ मिलाकर बनाया जाता है। गायों के बचे जूठन खाकर गृहस्वामिनी व्रत तोड़ती है। कुर्मी जाति में यह पर्व पशुधन व कृषि संस्कृति का संपोषक माना जाता है। गौशाला में बनाए गए गोवर्धन की मूर्ति को कुचलते



हुए गाय अंदर प्रवेश करती हैं इसे ही गोवर्धन पूजा (अन्नकूट) कहा जाता है। दोपहर में महिलाएँ गोष्ठान के सामने गाय के खुर (पैर) का चिन्ह गेरू रंग व चावल के घोल से बनाती है जिसे 'खुर लौटाना' कहा जाता है। संध्या के समय ग्रामीण क्षेत्र में दैहान में सभी पुरुष व बच्चे एकत्र होते हैं जहाँ रावत जाति के लोगों द्वारा गोवर्धन पूजा किया जाता है। उस गोबर को विष्णु-लक्ष्मी का आशीर्वाद मानकर बच्चे, बड़े, महिलाएं, पुरुष सभी एक दूसरे के माथे पर लगाकर आशीष प्राप्त करते हैं। बच्चे गोवर्धन पूजा के समय आतिशबाजी करते हैं। रऊताइन (अन्नगार) कोठी की दीवार पर कलात्मक भित्तिचित्र बनाकर हाथा देती हैं व गृहस्वामी को आशीष देकर सुख-समृद्धि की कामना करती है। गोवर्धन खुंदाने के पश्चात राउत अपने गृहस्वामी के गायों के गले में 'सोहाई' बांधता है व दोहा लगाकर नृत्य करता है तथा आशीष देता है कि गौशाला हमेशा गायों से भरा रहे व कोठरी में सदैव अन्न भरा रहे। ग्रामीण क्षेत्र के शत-प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि गोवर्धन पूजा का त्यौहार पूरे रीति-रिवाजों के साथ पूर्ण किया जाता है। जबकि शहरी क्षेत्र के अधिकांश उत्तरदाताओं ने कहा कि वर्तमान में गोवर्धन पूजा, खिचड़ी खिलाने की परंपरा, खुर लौटाना, भित्तिचित्र बनाना शहरी क्षेत्र में नहीं किया जाता।

सबसे कम कीमत पर
Gold Rate (x) * with Making %
22k Gold Value | Making Charges | Total %
91.6% + 1.99% = 93.59%
Jewellery Price* per 10 grams.
₹ 1,29,748/-
making charges included
ANAND Gold
No Credit Card Charges
Pandri

बीएमसी चीफ की सैलरी रोकी, 5 लाख का जुर्माना भी

आदेश के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटवाने से भड़का सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के कमिश्नर अश्विनी भिड़े पर गाज गिरी है। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने भिड़े समेत बाकी नगर अधिकारियों की नवंबर महीने की सैलरी पर तत्काल रोक लगाने का आदेश दिया। अदालत ने सरकारी जमीन से अतिक्रमण ना हटाने की वजह से उनके खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्यवाही भी शुरू कर दी है। दरअसल, बीएमसी ने ये अपील की थी कि मुंबई के बोरीवली में 'बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट' (बेस्ट) बस स्टेशन के लिए तय जमीन से अतिक्रमण हटाने के पिछले आदेश का पालन करने के लिए 30 दिन का एक्सट्रा समय मांगा था, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने बीएमसी पर 5 लाख का जुर्माना भी लगाया है।

'मिलीभगत की तो जेल भेज देंगे': जस्टिस बागची ने कहा, '1 दिसंबर 2026 तक आपको वेतन नहीं मिलेगा। इसलिए, उससे पहले आदेश का पालन करें। आप यहां आएं, उसके बाद ही आपको वेतन मिल सकेगा।' सुनवाई के दौरान, बेंच ने नगर निगम के अधिकारियों के आचरण पर सवाल उठाए और कहा कि हो सकता है कि वो अदालत के निर्देशों के पालन में देरी करने के लिए अतिक्रमणकारियों के साथ मिलीभगत कर रहे हों। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि अगर वो ऐसा करते हैं को उन्हें जेल भेज दिया जाएगा, तब जाकर उन्हें अदालत के आदेश की अहमियत समझ आएगी।

कोर्ट ने क्या कहा?

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्य कांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की बेंच ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए भिड़े को 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया। अदालत ने उनसे पूछा कि आखिर आदेशों का पालन ना करने के मामले में उनके खिलाफ अवमाननना की कार्रवाई शुरू ना की जाए. बेंच ने साफ किया कि जब तक कारण बताओ नोटिस पर कोई फैसला नहीं हो जाता और अदालत के निर्देशों का पालन नहीं कर लिया जाता, तब तक कमिश्नर और बाकी अधिकारियों को उनका वेतन नहीं मिलेगा।



रूस ने यूक्रेन के स्कूल पर दागी मिसाइलें, 29 की मौत

कीव। रूस और यूक्रेन में लंबे वक्त से जारी युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा। मंगलवार को दक्षिणी यूक्रेन पर रूस ने ताबतोड़ मिसाइलें दागीं। इस दौरान एक स्कूल में मानवीय मदद के लिए इकट्ठे हुए लोगों पर भी हमला हुआ, जिसमें 29 लोगों की मौत हो गई, जबकि 48 लोग अब भी लापता हैं। रात भर हुए हमलों में देश भर के पावर प्लांट्स को निशाना बनाया गया, अस्पतालों को नुकसान पहुंचा और कई लोग घायल हो गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक पोस्ट में बताया कि रूस ने नौ इलाकों में 289 हमलावर ड्रोन, 17 बैलिस्टिक मिसाइलें और 59 क्रूज मिसाइलें दागीं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल का खुलासा

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के दौरान 23 भारतीयों की मौत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के दौरान भारत के 23 नागरिकों की मौत हुई है। इनमें 15 भारतीय नाविक थे। वहीं, काला सागर क्षेत्र में व्यावसायिक जहाजों पर हुए हमलों में पांच भारतीय नागरिकों की मौत हुई है। दो भारतीय नागरिक अभी भी लापता हैं। नेपाल में दो हेलिकॉप्टरों के आपस में टकराने के मामले पर रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने इस घटना की खबरें और कुछ तस्वीरें भी देखी हैं। इसमें दो हेलिकॉप्टर शामिल थे। इस हादसे में एक भारतीय नागरिक की मौत हुई है। हमारे दूतावास ने इसकी पुष्टि की है और शोक जताया है। हम जल्द से जल्द शव को भारत वापस लाने की कोशिश करेंगे। बता दें, नेपाल के एवरेस्ट क्षेत्र में मंगलवार सुबह लैंडिंग के दौरान दो हेलिकॉप्टर आपस में टकरा गए। हादसे में एक भारतीय पर्यटक की मौत हो गई, जबकि न्यूजीलैंड का एक भारतीय मूल का नागरिक घायल हो गया।

यूरोप में चल रहे विरोध प्रदर्शनों और अशांति को लेकर भारतीयों को सचेत रहने की सलाह

छात्रों का शोषण रोकने जारी की एडवाइजरी



रणधीर जायसवाल, प्रवक्ता

रणधीर जायसवाल ने उज्बेकिस्तान मामले पर कहा कि ताशकंद में हमारे दूतावास और नेशनल मेडिकल कमीशन ने छात्रों के लिए कुछ दिशा-निर्देश या एडवाइजरी जारी की है। ये उन छात्रों के लिए है जो उज्बेकिस्तान या अन्य जगहों पर पढ़ाई करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इस बात पर ध्यान दे रही है कि उज्बेकिस्तान जाने वाले भारतीय छात्रों को, जो वहां मेडिकल या अन्य पढ़ाई करने जा रहे हैं, अच्छी गुणवत्ता वाली मेडिकल शिक्षा मिले। यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि मेडिकल या अन्य पढ़ाई के लिए उज्बेकिस्तान जाने वाले भारतीय छात्रों का कोई शोषण न हो।

रूस-यूक्रेन के बीच शांति के दिए सुझाव

जायसवाल ने बताया कि विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की पिछले कई महीनों के दौरान भी रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ कई बैठकें हो चुकी हैं। दोनों विदेश मंत्रियों ने कई मौकों पर मुलाकात की है और इस बार भी अटलांटा में उनकी बैठक हुई। इस दौरान उन्होंने रूस-यूक्रेन संघर्ष से जुड़े यूक्रेन के हालात, पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और द्विपक्षीय तथा बहुपक्षीय महत्व के कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जहां तक शांति स्थापित करने में भारत की भूमिका या विचारों का सवाल है, हमने अपने सुझाव यूक्रेन और रूस, दोनों पक्षों के साथ साझा किए हैं। आपने राष्ट्रपति पुतिन की टिप्पणियां भी देखी हैं और यूक्रेन के विदेश मंत्री की प्रतिक्रियाएं भी सुनी हैं।

समुद्री लुटेरों के चंगुल से 20 ईरानियों को बचाया तेहरान बोला- शुक्रिया



भारतीय नौसेना के कब्जे में 'अजिनी' जहाज और समुद्री लुटेरे

एजेंसी ⏭ तेहरान

भारतीय नौसेना ने अरब सागर में मुंबई से 3,000 किलोमीटर दूर सोमालिया के तट के पास समुद्री लुटेरों के कब्जे में पहुंचे ईरान के मछली पकड़ने वाले जहाज अजिनी को मुक्त करा लिया है। इस अभियान में जहाज पर सवार सभी 20 ईरानी चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया। ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना ने भी अहम भूमिका निभाई। करीब 48 घंटे तक चले इस अभियान में किसी के हताहत होने या घायल होने की खबर नहीं है। भारत की इस कार्रवाई के बाद ईरान ने आभार जताते हुए भारतीय नौसेना और वायुसेना के साहस, पेशेवर रवैये और आपसी तालमेल की सराहना की है।

फेवीक्विक से हाथ चिपकाए 4.5 लाख का मंगलसूत्र लूटा

बेंगलुरु में महिला को दिनदहाड़े बंधक बनाने की कोशिश

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

बेंगलुरु के इंदिरानगर में दिनदहाड़े एक जूते और बैग की मरम्मत करने वाली दुकान में लूट की वारदात हुई। यहां 40 साल के एक व्यक्ति ने 23 साल की महिला कर्मचारी को निशाना बनाया। आरोपी ने महिला के दोनों हाथ फेवीक्विक से चिपका दिए और उसके गले पर चाकू रखकर करीब 4.5 लाख का मंगलसूत्र छीन लिया। वारदात के समय महिला दुकान में अकेली थी। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग जमा हो गए। आरोपी ने उसे फिर से चाकू की नोक पर पकड़ लिया और भागने की कोशिश की। बाद में पुलिस ने लोगों की मदद से उसे पकड़ लिया। आरोपी ने महिला को धमकी दी कि अगर उसने आवाज उठाई तो वह उसे मार देगा। इसके बाद उसने महिला के दोनों हाथों पर फेवीक्विक लगाकर उन्हें आपस में चिपका दिया।

हेलमेट और दस्ताने पहनकर दुकान में घुसा

घटना 31 अक्टूबर को इंदिरानगर की 100 फीट रोड स्थित दुकान में हुई। महिला वहां रिसेप्शनिस्ट के तौर पर काम करती है और रोजाना के लेन-देन भी संभालती है। वह सुबह करीब 10 बजे दुकान पहुंची थी। इसके बाद सुबह 11:45 बजे हेलमेट और दस्ताने पहने एक व्यक्ति दुकान में आया। वह रिसेप्शन काउंटर फांदकर महिला के पास चला गया। उसने महिला से कहा कि कोई उसे मारने आ रहा है और उसे चिल्लाने से मना किया। जब महिला ने दुकान के मालिक को फोन करने की कोशिश की, तो आरोपी ने उसे जबरन बैठा दिया। उसने महिला का मुंह दबाया और उसके गले व हाथों पर चाकू से हमला किया।

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर

(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

स. क्र.	सिस्टम निविदा क्रमांक/ दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में)
1	202868 द्वितीय आमंत्रण 28.10.2026	जिला कबीरधाम के सैगोना से समनापुर मार्ग पर सकरी नदी पर जलमग्नीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य ।	435.80
2	202869 द्वितीय आमंत्रण 28.10.2026	जिला रायपुर के नवीन शासकीय आई.टी.आई. बंगोली (खरोरा) विकासखंड तिल्दा में महाविद्यालय भवन, 50 सीटर छात्रावास भवन एवं एफ टाईप क्वार्टर का निर्माण कार्य, वॉटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य सहित ।	521.50
3	202923 प्रथम आमंत्रण 28.10.2026	जिला रायपुर के आरंग नगर स्थित शासकीय बद्रीप्रसाद लोधी महाविद्यालय में 300 सीटर ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य, वॉटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य सहित ।	671.25
4	202878 द्वितीय आमंत्रण 28.10.2026	जिला रायपुर के चकवे से परसदा मार्ग लंबाई - 2.00 कि.मी. का निर्माण कार्य, पुल - पुलिया सहित ।	269.46
5	202880 द्वितीय आमंत्रण 28.10.2026	जिला राजनांदगांव के बाकल से भंवरमरा मार्ग में शिवनाथ नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य ।	878.86
6	202889 द्वितीय आमंत्रण 28.10.2026	जिला कबीरधाम के ग्राम पांडातराई से फास्टरपुर मार्ग लंबाई 26.20 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य ।	3200.38
7	202891 द्वितीय आमंत्रण 28.10.2026	जिला धमतरी के अंतर्गत नगरी - जबर्रा मार्ग के काजल (कलस) नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य ।	622.00
8	202895 द्वितीय आमंत्रण 28.10.2026	जिला रायपुर के कचना में 209 जी. ए. डी. आवास कैम्पस में जी टाईप आवासगृह, बाउण्ड्रीवॉल इत्यादि निर्माण कार्य, विद्युतीकरण सहित ।	784.72
9	203078 द्वितीय आमंत्रण 30.10.2026	जिला बेमेतरा के देवकर घोठा जालबांधा (एम.डी.आर.) मार्ग लंबाई 12.40 कि.मी. का मजबूतीकरण कार्य ।	580.45
10	203079 द्वितीय आमंत्रण 30.10.2026	जिला धमतरी के केरेगांव गट्टासिल्ली मार्ग के कि.मी. 4 / 10 पर सेन्दुर नदी में उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य ।	896.22
11	203080 द्वितीय आमंत्रण 30.10.2026	जिला कोरिया के केन्दई बरदर बैकुण्ठपुर सोनहत रामगढ़ म.प्र. सीमा मार्ग लं. 20.46 कि.मी. का मजबूतीकरण निर्माण कार्य ।	1529.38
12	203081 द्वितीय आमंत्रण 30.10.2026	जगदलपुर केन्द्रीय जेल में 06 नग बैरक (फैक्ट्री बैरक (जी.एफ./एफ. एफ. एण्ड II एफ. हाईसेल बैरक) (शेष कार्य) विद्युतीकरण सहित ।	241.19
13	203082 द्वितीय आमंत्रण 30.10.2026	जमा मद अंतर्गत जिला - सुकमा के कुन्ना मिचवार मार्ग के कि.मी. 5/6 फुल नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य ।	678.62
14	203083 प्रथम आमंत्रण 30.10.2026	सरगांव पथरिया मार्ग के कि.मी. 1/2 से 5/10, 7/2 से 7/10, 11/2 से 12/10 एवं 14 / 2 = 9.00 कि.मी. मजबूतीकरण का निर्माण कार्य ।	578.30
15	203084 6वां आमंत्रण 30.10.2026	जिला बालोद के टटेंगा भरदा मोहंदीपाट मार्ग लंबाई 3.30 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य ।	424.23
16	203162 द्वितीय आमंत्रण 30.10.2026	जिला मुंगेली के ग्राम पंचायत बघनीभांवर से बघर्रा पहुंच मार्ग लंबाई 1.475 कि.मी. का निर्माण कार्य ।	246.86
17	203166 द्वितीय आमंत्रण 30.10.2026	जिला बालोद के उमरादाह से निपानी मार्ग लंबाई 12.00 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य ।	304.29
18	203169 द्वितीय आमंत्रण 30.10.2026	बरमकेला में शासकीय महाविद्यालय भवन का निर्माण कार्य, वा.स. से. फि. एवं विद्युतीकरण, बाउण्ड्रीवाल एवं पहुंच मार्ग का कार्य, जमा मद ।	463.22

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क्र. 15 दिनांक 10.11.2026, स.क्र. 03, सं.क्र. 14 दिनांक 20.11.2026 निर्धारित है । एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 16.11.2026 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है ।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

G-262704384/5

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग महासमुन्द

मैन्युअल पद्धति जोनल निविदा आमंत्रण सूचना
क्रमांक - 03 (विद्युतीकरण कार्य हेतु)

क्रमांक/03/ निविदा/ग्रा.यां.से./ 2026-27 महासमुन्द दिनांक 30/10/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मैन्युअल जोनल निविदा (विद्युतीकरण कार्य हेतु) आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का नाम एवं स्थल	ठेके की अनु. ला. (लाख रू.) में
1	2	3
	महासमुन्द जिले के प्रत्येक जनपद पंचायतों मे विद्युतीकरण कार्य हेतु	
1	जनपद पंचायत महासमुन्द/ बागबाहरा/ पिथौरा/ बसना अन्तर्गत विभिन्न मदों में स्वीकृत निर्माण कार्यों में रूपये 5.00 लाख से कम लागत के विद्युतीकरण के कार्यों का सम्पादन करना जिला-महासमुन्द **(प्रत्येक जनपद पंचायत हेतु निविदा राशि 10.00 लाख रूपये अलग-अलग होगी)**	10.00 लाख

(टीप :- उपरोक्त कार्यों के निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 14/11/2026)

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारियां विभागीय वेबसाईट https://res.cg.gov.in में दिनांक 30/10/2026 से डाउनलोड की जा सकती है।

G-262704363/1 कार्यपालन अभियंता

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT
ROAD DIVISION, GUMLA

NATIONAL COMPETITIVE BIDDING

e-Tender Reference No. RCD/GUMLA/867 Date :- 02.11.2026

1.	Name of the work	**Widening & Strengthening of Ghaghra to Jokari Road via Ranhe, Kundo,Rukighati (Bishunpur) (Total Length -19.100 KM) Under Road Division Gumla.**
2.	Estimated Cost (Rs.)	**Rs.- 95,16,35,703.37 (Rs. Ninety-Five Crore Sixteen Lakh Thirty-Five Thousand Seven Hundred Three Rupees) Only.**
3.	Bid Security (Rs in Lakh)	**95.17 Lakh**
4.	Time of Completion	**16 Months**
5.	Date of Publication of Tender on website	07.11.2026 From 10:30 A.M.
6.	Date, Time and Place of Pre-Bid meeting	10.11.2026 at 11.00 AM Chief Engineer (Com) cum-Nodal Officer,e-Procurement Cell, RCD, Jharkhand,1st Floor,Engineer's, Hostel No.-02,Dhurwa,Ranchi-834004
7.	Start Date/Time for receipt of bids	12.11.2026 From 10:30 AM
8.	Last date/Time for receipt of bids	10.12.2026 Up to 12:00 Noon
9.	Opening Date of Tender	14.12.2026 12.30 PM
10.	Place of Opening Tender	Chairman, e-Procurement Cell, RCD, Jharkhand, 3rd Floor, Project Building, Dhurwa, Ranchi-834004.
11.	Name & address of office Inviting tender	Executive Engineer, Road Construction Department, Road Division, Gumla.
12.	E-mail	eercdgumla-jhr@nic.in
13.	Helpline number of e-Procurement cell	0651-2401010

1. Tender amount can be increased or decreased.
2. Details can be seen on website https://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Executive Engineer,
PR 393223 Road (26-27)_D RCD, Road Division, Gumla

सुविधा फार्मिंग एंड एलाइड लिमिटेड (परिसमापन में)

(CIN: U01400MP2010PLC023082)
पंजीकृत कार्यालय: हाउस नंबर-176, हबीबगंज के पास, रेलवे ट्रैक के पीछे, नारायण नगर, होशंगाबाद रोड, भोपाल, मध्य प्रदेश - 462026.
परिसमापनक: सीएमए शेख नफीस अंजुम, कार्यालय: सी.-4, सेंट्रल मार्केट, लाजपत नगर 2, दिल्ली-110024; मोबाइल नंबर: 9717128400

ई-नीलामी बिक्री सूचना

नीलामी की तिथि एवं समय: सोमवार, 16 नवंबर 2026, सायं 4.00 बजे से 5.00 बजे तक
(प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)

''दिवाला एवं दिवालियापन कोड, 2016'' एवं सहपठित ''IBBI (परिसमापन प्रक्रिया) विनियमन, 2016'' के तहत आम जनता को सूचित किया जाता है कि ''सुविधा फार्मिंग एंड एलाइड लिमिटेड'' (जो परिसमापन प्रक्रिया में है) की निम्नलिखित संपत्तियों (इमारतों के साथ कृषि भूमि के टुकड़े) को, जो लिक्विडेशन एस्टेट का हिस्सा है, परिसमापक द्वारा बेचा जाएगा। इस परिसमापक को माननीय नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी), की इंदौर शाखा ने अपने 16 दिसंबर, 2021 के आदेश के द्वारा नियुक्त किया है। यह बिक्री ''बैंकनेट पोर्टल'' (https://baanknet.com/) पर ई-नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से की जाएगी:

स्थान	संपत्तियों का विवरण	आरक्षित मूल्य	ईएमडी	वृद्धि मूल्य
छत्तीसगढ़	यहाँ जिस संपत्ति की बात हो रही है, वह कृषि भूमि का एक टुकड़ा है जिस पर कुछ इमारतें बनी हुई हैं (क्षेत्रफल: लगभग 2.40 हेक्टेयर)। यह संपत्ति खसरा नंबर 1032, 1038 और 1039, ग्राम कचना, तहसील - कुरुद, जिला - धमतरी, छत्तीसगढ़ में स्थित है। (संपत्ति के निरीक्षण की अंतिम तिथि 13.11.2026 को एवं समय दोपहर 03:00 बजे तक है।)	3,40,00,000	34,00,000	1,50,000

ई-नीलामी के नियम और शर्तें इस प्रकार हैं:

1. **ई-नीलामी ''जैसा है, जहाँ है; जैसा है, जो है; जो कुछ भी है; और बिना किसी दावे/वापसी के अधिकार के आधार पर'' के आधार पर आयोजित की जा रही है और यह पूरी तरह से ''ऑनलाइन'' होगी।**
2. इच्छुक बोलीदाताओं को नीलामी दस्तावेज में दी गई शर्तों के अनुसार, शुक्रवार, 13 नवंबर 2026 को शाम 06:00 बजे तक या उससे पहले, "बैंकनेट" नीलामी प्लेटफॉर्म **https://baanknet.com/** के माध्यम से अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (''ईएमडी'') जमा करना होगा और सभी आवश्यक दस्तावेज, शपथ-पत्र, वचन-पत्र तथा अन्य ज़रूरी घोषणाएँ जमा/अपलोड करनी होंगी।
3. इच्छुक बोलीदाताओं को एक वचन-पत्र देना होगा, जिसमें यह पुष्टि की गई हो कि वे ''दिवाला एवं दिवालियापन कोड, 2016'' (''कोड'') **की धारा 29A के तहत अयोग्य नहीं हैं** (जहाँ भी यह लागू होता हो)। यदि नीलामी प्रक्रिया के किसी भी चरण में कोई बोलीदाता धारा 29 ए के तहत अयोग्य पाया जाता है, तो नीलामी दस्तावेज की शर्तों के अनुसार, उस बोलीदाता द्वारा जमा की गई ईएमडी ज़ब्त कर ली जाएगी।
4. इच्छुक बोलीदाताओं को **नीलामी से पहले की योग्यता शर्तों को पूरा करना होगा** और नीलामी दस्तावेज में बताए गए ज़रूरी दस्तावेज व घोषणाएँ जमा करनी होंगी। यदि कोई बोलीदाता इन योग्यता शर्तों को पूरा करने में विफल रहता है या ज़रूरी दस्तावेज जमा नहीं करता है, तो उसे नीलामी प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और नीलामी दस्तावेज की शर्तों के अनुसार उसकी ईएमडी ज़ब्त कर ली जाएगी।
5. ई-नीलामी बिक्री से जुड़ी विस्तृत शर्तों के लिए, कृपया **https://baanknet.com/** पर उपलब्ध ''Tender Document'' देखें या लिक्विडेटर को ईमेल करके अपने सवाल पूछें।

सीएमए शेख नफीस अंजुम
परिसमापक, कृते/- सुविधा फार्मिंग एंड अलाइड लिमिटेड (परिसमापन में)
आईबीबीआई पंजी. संख्या: BBI/IPA-003/IPA-ICAI-N-00211/2018-2019/12363
एएफए वैध 31 दिसंबर तक
स्थान: नई दिल्ली ईमेल:uvidhafarming.liquidation@gmail.com/
दिनांक: 04 नवंबर, 2026 sn.anjum123@gmail.com

छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाइज कार्पोरेशन लिमिटेड
मुख्यालय, ब्लॉक 'ए', द्वितीय तल, ऑफिस काम्पलेक्स, सेक्टर-24, अटल नगर, नवा रायपुर
Email id- nanheadoffice@gmail.com

क्रमांक/शक्कर/2026-27/50-A नवा रायपुर दिनांक 28/10/2026

-:: प्रेस विज्ञप्ति ::-

ऋणी(यों) एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित ऋणी बार-बार सूचना दिए जाने के बावजूद बकाया राशि का भुगतान करने और/या आवश्यक मार्जिन जमा करने में विफल रहे हैं। इस कारण, ऋणियों द्वारा लोन की चुकौती के लिए जमानत के रूप में दिए गए सोने की नीलामी "जैसा है, जहाँ है" के आधार पर निम्नलिखित शर्तों के अनुसार की जाएगी: 1. QR कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना की सम्पूर्ण जानकारी देखें, जिसमें सोने का विवरण, सकल वजन एवं बोलीदाताओं पर लागू नियम एवं शर्तें शामिल हैं 2. सभी बोलीदाताओं को नीलामी के दिन या उससे पहले ₹25,000/- की अग्रिम जमानत राशि (EMD) ऑनलाइन ट्रांसफर के माध्यम से जमा करना अनिवार्य है; 3. नीलामी स्थल पर सुबह 10 बजे पहचान एवं पते के वैध प्रमाण के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है। 4. RBI के समय-समय पर संशोधित निर्देशों के अनुसार आरक्षित मूल्य निर्धारित किया जाएगा। 5. यदि पहली नीलामी आयोजित या पूरी नहीं हो पाती है, तो यहाँ उल्लिखित तारीख को दूसरी नीलामी 19-Dec-26। यदि दूसरी नीलामी भी आयोजित या पूरी नहीं हो पाती है, तो यहाँ उल्लिखित तारीख को तीसरी नीलामी 23-Dec-26। नीलामी की तारीख में कोई भी बदलाव नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित किया जाएगा। बोली प्रस्तुत करना उपरोक्त नियमों एवं शर्तों की स्वीकृति माना जाएगा। किसी भी पूछताछ के लिए WECARE@BAJAJFINSERV.IN पर संपर्क करें

प्रथम नीलामी की तिथि: 09-12-26, द्वितीय नीलामी की तिथि: 19-12-26 और तृतीय नीलामी की तिथि: 23-12-26 अम्बिकापुर - अम्बेडकर चौक; PLI4GOL36870462, 37686917, 89554248, 90038131, 98131223, 98488256, 99404041, 99713733, 47014545, 00461706, 01405139, 01355165, 01642781, 02105419, 48249044, 02335073, 49004671, 04430688, 04394820, 04502197, 04710415, 49830062. **अम्बिकापुर - ब्रह्मा रोड;** PRP8EGL89983555, 98355519, 02094079, 02984813, 03354080, 03489278, 03552797, 03849357, 03827200, 03818017, 04009253, 04415603, 04970396. **भिलाई - जी.ई. रोड;** PBX2EGL102757787, 04766350. **भिलाई - कृष्णा थिएटर रोड;** PMM8EGL101096054. **प्रथम नीलामी की तिथि: 10-12-26, द्वितीय नीलामी की तिथि: 19-12-26 और तृतीय नीलामी की तिथि: 23-12-26 भिलाई - पावर हाउस चौक;** PLI3EGL100765153, 48042483, 04987795. **भिलाई - सिरसा गेट चौक;** PMM9EGL100733953, 01417806, 02350093, 49286794, 04907980. **भिलाई - स्मृति नगर;** PLL2EGL98351568, 01853521, 03311072. **बिलासपुर - अग्रसेन चौक;** PGJ8EGL97902467, 98334130, 98338332, 98631210, 99980851, 00244715, 47766507, 01901950, 02097551, 02701443, 02729463, 02782228, 02788492, 03016918, 03250025, 03841268, 03754841, 04420655, 04475903, 49820272, 04926584. **प्रथम नीलामी की तिथि: 11-12-26, द्वितीय नीलामी की तिथि: 19-12-26 और तृतीय नीलामी की तिथि: 23-12-26 बिलासपुर - सरकंडा;** P42HGOL37530099, 98310585, 98528672, 46025815, 99392458, 99351142, 99519716, 99451679, 99955394, 46872358, 00487295, 01192188, 02075654, 02081058, 02382339, 02775273, 02741802, 02769897, 03093881, 03308214, 04023296, 49676933, 04983668. **चाम्पा - बरपाली चौक;** PPA1EGL97915921, 99688193, 00253299, 00513369, 48818031, 03310211. **दुर्ग - महाराजा चौक;** PMW4EGL100740916, 03038176, 03567058, 49734580. **दुर्ग - स्टेशन रोड;** P08IEGL88693521, 99374113, 99473244, 99461041, 00673887, 00669496, 00677119, 00738517, 01109760, 01181943, 01155113, 01165953, 01881901, 02164977, 02696900, 04023457. **जगदलपुर - गुरु गोविंद सिंह चौक;** PCV4EGL85848055, 99528096, 99463463, 99522302, 99960325, 01136816, 47778373, 01654798, 01873860, 02352089, 02706432, 02830301, 03082762, 48997914, 03536397, 03552158, 04710953, 04977149. **प्रथम नीलामी की तिथि: 12-12-26, द्वितीय नीलामी की तिथि: 19-12-26 और तृतीय नीलामी की तिथि: 23-12-26 जांजगीर - मेन रोड;** PV04EGL101658956. **कटघोरा - बीजीएल;** PNY8EGL97937734, 98318631, 99360278, 00520288, 48644982, 03023011, 03015439, 03324530, 03278622, 49135556, 49286549, 04458702, 49696065. **कोरबा - सीएसईबी चौक;** PEQ2EGL88891272, 88894628, 98463113, 98657247, 98645574, 99392576, 99405810, 99818633, 00014678, 00461436, 00487579, 01340311, 01364511, 01379433, 01600390, 03053456, 03245260, 04024772, 04716334, 49828706, 04974777. **कोरबा - कोसाबाड़ी;** PLI5EGL88695240, 98330772, 98481977, 99496742, 01435404, 47890880, 47896236, 02131987, 02320816, 02361101, 02353745, 02379272, 02840254, 02687259, 48638563, 03810085, 04021392, 04972148, 04938409. **प्रथम नीलामी की तिथि: 14-12-26, द्वितीय नीलामी की तिथि: 19-12-26 और तृतीय नीलामी की तिथि: 23-12-26 कोरबा - पावर हाउस रोड;** PSY3EGL88266848, 98512402, 98624181, 99472528, 00692705, 01151464, 01127892, 01145999, 01127578, 01433395, 01350249, 01596804, 01895393, 02289417, 02308228, 02736495, 02973718, 03739572, 04458588. **महासमुंद - बीजीएल;** PNU8EGL102746384, 03080166, 03265574, 04409315. **मनेंद्रगढ़ - बीजीएल;** PNU9GOL37979518, 37982532, 40197139, 98132830, 45902709, 98462479

भारत ने कभी जीएम उत्पादों के आयात की अनुमति नहीं दी, डेयरी क्षेत्र भी नहीं खोलेगा: गोयल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत ने किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में अपने डेयरी क्षेत्र को नहीं खोला है और आनुवंशिक रूप से संशोधित (जीएम) उत्पादों के आयात की अनुमति भी नहीं देगा। उन्होंने इन दोनों मुद्दों को देश के लिए बहुत संवेदनशील बताया। राष्ट्रीय राजधानी में किरोड़ीमल कॉलेज के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि भारत ने किसी भी संवेदनशील वस्तु पर ''कभी भी'' समझौता नहीं किया है और व्यापार समझौतों में हमेशा अपने किसानों, मछुआरों तथा सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के हितों की रक्षा की है।''

भारत ने किसी भी संवेदनशील मुद्दे पर कभी समझौता नहीं किया

किसानों, मछुआरों और एमएसएमई के हितों की रक्षा की

समुद्री उत्पाद में हमारी स्थिति मजबूत

गोयल ने व्यापार समझौतों से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा, ''हम कुछ कृषि उत्पादों और कुछ ऐसी वस्तुओं के मामले में बाजार खोलने को लेकर बहुत संवेदनशील हैं जिनमें हमारी मजबूत स्थिति है, जैसे समुद्री उत्पाद। हम अपना डेयरी क्षेत्र खोलने को लेकर बहुत संवेदनशील हैं। वास्तव में, आज तक हमने किसी के लिए भी डेयरी क्षेत्र नहीं खोला है।



हमारा प्रयास रोजगार के अवसर बढ़ाना

'रेनेट' पनीर बनाने में इस्तेमाल होने वाला एक एंजाइम है, जिसे परंपरागत रूप से छोटे बछड़ों के पेट की अंदरूनी परत से निकाला जाता है। मंत्री ने कहा, ''हमारा प्रयास रोजगार के नए अवसरों के साथ-साथ अपने उन उत्पादों के लिए नए बाजार खोलना है, जिनमें हम प्रतिस्पर्धी हैं और जिनसे भारत के बड़े हिस्से, हमारे एमएसएमई, कृषि क्षेत्र के किसानों तथा सभी को बड़े पैमाने पर लाभ मिल सकता है।''

विदेशों के डेयरी उत्पाद में 'रेनेट' का उपयोग

वाणिज्य मंत्री ने कहा, हम भारत में किसी भी जीएम उत्पाद को आने देने के मामले में बहुत संवेदनशील हैं। हमने कभी इसकी अनुमति नहीं दी है और भविष्य में भी ऐसा नहीं करेंगे। हम अपनी धार्मिक संवेदनशीलताओं को लेकर भी सतर्क हैं। अक्सर विदेशों में डेयरी उत्पाद बनाने के दौरान बछड़े के मांस या 'रेनेट' का इस्तेमाल किया जाता है...हम भारत में इसकी अनुमति नहीं देते।

आबादी का बड़ा हिस्सा कृषि पर निर्भर

ये टिप्पणियां इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि भारत की आबादी का एक बड़ा हिस्सा कृषि पर निर्भर है और इनमें ज्यादातर छोटे तथा सीमांत किसान हैं। नीति-निर्माताओं को आशंका है कि जीएम फसलों का सस्ता और बड़े पैमाने पर आयात, खासकर विकसित देशों की अत्यधिक मशीनीकृत और सब्सिडी वाली कृषि प्रणालियों से होने वाला आयात, घरेलू कीमतों को नीचे ला सकता है और ग्रामीण आय को नुकसान पहुंचा सकता है।

तरजीही बाजार पहुंच हासिल करने का प्रयास

गोयल ने कहा कि भारत हमेशा कपड़ा, दवा, कृषि उत्पादों तथा रत्न एवं आभूषण जैसे क्षेत्रों के लिए तरजीही बाजार पहुंच हासिल करने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा, ''ये सभी हमारे हित के क्षेत्र हैं, जिनके लिए हम तरजीही बाजार पहुंच हासिल करने का प्रयास करते हैं। भारत से आने वाले सामान पर लगाए जाने वाले शुल्क हमारी प्रतिस्पर्धी देशों- इंडोनेशिया, मलेशिया, वियतनाम, चीन और फिलिपीन...की तुलना में कम हों।''

विनिर्माण को बड़े पैमाने पर बढ़ावा

वाणिज्य मंत्री ने कहा, ''हमारा प्रयास है कि भारत को अपने प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले तरजीही दर मिले।'' रोजगार के बारे में उन्होंने कहा कि सरकार देश में विनिर्माण को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दे रही है। गोयल ने कहा, हम विनिर्माण और अधिक सरकारी नौकरियों को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैं। नियमित रोजगार तलाशने वालों के लिए अधिक अवसर पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं

बजाज फिनसर्व का मुनाफा 25 फीसदी बढ़ 5,952 करोड़



नई दिल्ली। बजाज फिनसर्व का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़कर 5,952 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 4,746 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। बजाज फिनसर्व ने शेयर बाजार को दी सूचना में मंगलवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 43,416 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 37,403 करोड़ रुपये थी।

सोना 700 रुपए टूटकर 1.41 लाख रुपए पर



नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में बिकवाली और कच्चे तेल की कीमतों में सुधार के बीच निवेशकों के द्वारा सतर्क रुख अपनाने के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 700 रुपये टूटकर 1,41,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार के 1,42,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद भाव से 700 रुपये टूटकर 1,41,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में स्थिर रही चांदी की कीमत में भी गिरावट दर्ज की गई। चांदी 2,000 रुपये टूटकर 1,84,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जबकि सोमवार को इसका भाव 1,86,000 रुपये प्रति किलोग्राम था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''वैश्विक बाजारों से कमजोर संकेतों और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में सुधार के बीच मंगलवार को सोने की कीमतों में तेजी का रुख कमजोर पड़ गया।''उन्होंने कहा कि हालांकि, त्योहारी सत्र नजदीक आने से घरेलू सर्राफा कीमतों को सहारा मिल सकता है। धनतेरस और दिवाली से पहले सोने की खरीदारी बढ़ने की उम्मीद है, क्योंकि इन त्योहारों के दौरान सोना खरीदना शुभ माना जाता है।

टाटा मोटर्स ने इवेको में 89.42 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स ने इटली की कंपनी इवेको में 89.42 प्रतिशत हिस्सेदारी करीब 3.43 अरब यूरो में खरीद ली है। इस अधिग्रहण के बाद दोनों कंपनियों का संयुक्त कारोबार 2.28 लाख करोड़ रुपये (21 अरब यूरो) का होगा और यह दुनिया की चौथी सबसे बड़ी वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता कंपनी बनेगी। टाटा मोटर्स ने मंगलवार को कहा कि नकद निविदा पेशकश के शुरुआती निपटान के बाद इवेको में उसकी हिस्सेदारी 89.42 प्रतिशत हो गई है। हालांकि, अधिग्रहण की प्रक्रिया अभी जारी है। अधिग्रहण पूरा होने के बाद इवेको, टाटा मोटर्स की एक परोक्ष अनुषंगी कंपनी बन जाएगी। यह 2008 में फोर्स से जगुआर लैंड रोवर खरीदने के बाद टाटा मोटर्स का सबसे बड़ा अधिग्रहण है।



इवेको समूह में करीब 33,000 कर्मचारी हैं। इसके 16 औद्योगिक संयंत्र और 22 शोध एवं विकास केंद्र हैं। यह सौदा निपटान स्वैच्छिक निविदा पेशकश की स्वीकार्यता अवधि पूरी होने के बाद हुआ है।

इसके तहत टाटा मोटर्स ने इवेको के सामान्य शेयरों के लिए 14.4 यूरो प्रति शेयर नकद देने की पेशकश की थी।

शेयरधारकों को अपने शेयर बेचने का एक और मौका देने के लिए निविदा पेशकश की अवधि दो-छह नवंबर, 2026 तक पांच कारोबारी दिनों के लिए फिर खोली जाएगी। इस अवधि में निविदा के तहत दिए गए शेयरों का निपटान 13 नवंबर को होगा। इटली के ट्यूरिन में स्थित इवेको मुख्यालय में आयोजित वैश्विक संवाददाता सम्मेलन में टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने दोनों कंपनियों के संयुक्त कारोबार के आकार और वृद्धि की संभावनाओं को रेखांकित किया।

सूचीबद्धता समाप्त करने की प्रक्रिया जल्द

टाटा मोटर्स के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) गिरीश वाघ ने इटली के शेयर बाजारों से इवेको की सूचीबद्धता समाप्त करने की समयसीमा बताने से इनकार किया। हालांकि, उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया जल्द पूरी होगी।

त्योहारी खरीदारी पर शुभम के मार्ट में बचत का मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दीपावली के त्योहारी सीजन में खरीदारी को किफायती बनाने के लिए शुभम के मार्ट में आकर्षक ऑफर दिए जा रहे हैं।

- गिफ्टिंग आइटम्स पर 70 प्रतिशत तक छूट

यहां जनरल मर्चेंडाइज, फैशन, किराना और गिफ्टिंग आइटम्स की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। ग्राहकों को जनरल मर्चेंडाइज के चुनिंदा उत्पादों पर 70 प्रतिशत तक की छूट मिल रही है। वहीं, मिठाई और नमकीन के गिफ्ट हैंपर्स पर बाय वन गेट वन ऑफर दिया जा रहा है।

शुभम के मार्ट में प्लास्टिक आइटम्स, लगेज, डिनर सेट और विभिन्न गिफ्टिंग उत्पादों की बड़ी रेंज मौजूद है। कॉर्पोरेट गिफ्टिंग के साथ परिवार और दोस्तों को उपहार देने के लिए भी कई विकल्प उपलब्ध हैं। हल्दीराम, बिकाजी, नाकोड़ा और शुभ जैसे ब्रांड्स के मिठाई एवं नमकीन उत्पादों पर बाय वन गेट वन ऑफर का लाभ लिया जा सकता है।

फैशन सेगमेंट में कुर्ता-पायजामा, कुर्ती सेट और साड़ियों की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। चुनिंदा फैशन उत्पादों पर भी 70 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। इसके अलावा किराना और ग्रोसरी आइटम्स पर 9 प्रतिशत के साथ अतिरिक्त डिस्काउंट का लाभ मिल रहा है।

शुभम मार्ट के 63 स्टोर संचालित

प्रबंधन के अनुसार, शुभम के मार्ट का उद्देश्य ग्राहकों को कम कीमत में ज्यादा खरीदारी का अवसर देना है। छत्तीसगढ़, गुजरात और राजस्थान में शुभम के मार्ट के कुल 63 स्टोर संचालित हैं। रायपुर के संतोषी नगर, पुरानी बस्ती, कोटा, सरोना, कमल विहार, देवेंद्र नगर, माठागांव और सड्डू सहित कई क्षेत्रों में इसकी शाखाएं हैं।

भारत टूटे चावल के निर्यात पर फिर लगा सकता है प्रतिबंध

नई दिल्ली। भारत 100 प्रतिशत टूटे चावल (ब्रोकन राइस) के निर्यात पर फिर से प्रतिबंध लगा सकता है। भारतीय चावल निर्यातक महासंघ (आईआरईएफ) ने यह आशंका जताते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमतें 360 डॉलर प्रति टन के पार पहुंच गई हैं। इसके चलते विदेशी खरीदारों और घरेलू उद्योगों, खासकर एथनॉल निर्माताओं तथा पॉल्ट्री चारा उत्पादकों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। उद्योग संगठन ने कहा कि घरेलू कीमतों में वृद्धि और महंगाई का दबाव बढ़ने से सरकार के हस्तक्षेप की संभावना भी बढ़ सकती है। खासकर वर्ष 2027 में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं।

आईआरईएफ के महानिदेशक विनोद कौल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में टूटे चावल की कीमत 360 डॉलर प्रति टन से अधिक होना गंभीरता से ध्यान देने का विषय है, क्योंकि यह अब एक महत्वपूर्ण औद्योगिक कच्चा माल बन गया है।



टूटा चावल बना महत्वपूर्ण कच्चा माल : कौल ने कहा, ''टूटे चावल की कीमतों में 360 डॉलर प्रति टन से अधिक की वृद्धि पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। एथनॉल उत्पादन, पॉल्ट्री चारे और कई अन्य उद्योगों में टूटे चावल महत्वपूर्ण कच्चा माल बन गया है।''

छ.ग. स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन, प्रधान कार्यालय ग्राम-झांझ, सेक्टर-24, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)

क्रं 11912 छगवेका/निर्माण/ 2026-27/ नवा रायपुर दि - 03.11.2026

ई-प्रोक्यूरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

Main Portal : https://eproc.cgstate.gov.in/

छ.ग. स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन के प्रबंध संचालक की ओर से ऑनलाईन निविदाएँ छ.ग. शासन के लो.नि.वि. में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र "अ" में लो.नि.वि. दर पर निविदा आमंत्रण सूचना के अंतर्गत ग्रुप क्रं. 01 बाराद्वार 3600 मे. टन, डभरा 1800 मे. टन एवं खरसिया में 18000 मे.टन (कुल 23400 मे. टन), ग्रुप क्रं. 02 केशलूर में कुल 3600 मे. टन, (ग्रुप क्रं. 03) में कुल दंतेवाड़ा (भोगाम) कुल 1800 मे.टन एवं ग्रुप क्रं. 04 भोपालपट्टनम में कुल 1800 मे. टन क्षमता के गोदाम निर्माण कार्यों की ग्रुपवार द्वितीय निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत जानकारी cgswc.cg.gov.in एव https://eproc.cgstate.gov.in/ तथा अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, छ.ग. स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन नवा रायपुर अटल नगर के फोन नं. 0771-2272990, 992 पर संपर्क की जा सकती है।

S-49689/1 कार्यपालन अभियंता

अगले महीने भारतीय बाजार में पेश कर सकती है

होंडा पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी पेश करने की तैयारी में जुटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाहन विनिर्माता होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि वह अगले महीने भारतीय बाजार में अपनी पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल) पेश करेगी। भविष्य में भारत इस मॉडल के लिए उसका वैश्विक उत्पादन केंद्र भी होगा।

कंपनी ने बयान में कहा कि इस इलेक्ट्रिक एसयूवी का वैश्विक अनावरण दो दिसंबर को भारत में किया जाएगा। इस मॉडल का नाम 'होंडा अल्फा' रखा गया है। होंडा कार्स इंडिया के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) तोशियुकी यानागिसावा ने कहा, /"भविष्य में भारत इस मॉडल का वैश्विक उत्पादन केंद्र होगा। यह होंडा के इलेक्ट्रिक सफर में एक अहम कदम है और भारतीय बाजार के प्रति हमारी मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।/"



इस इलेक्ट्रिक एसयूवी को पहली बार 2025 में जापान मोबिलिटी शो में कॉन्सेप्ट मॉडल के रूप में प्रदर्शित किया गया था। कंपनी ने बताया कि 'होंडा अल्फा' भारत में उसका पहला मॉडल होगा, जिस पर हाल में वैश्विक स्तर पर पेश किया गया नया 'एच' लोगो का इस्तेमाल किया जाएगा।

मॉडल भारत के अनुकूल बनाया गया

बयान के मुताबिक, इस मॉडल को शहरी और प्राकृतिक, दोनों तरह के परिवेश के अनुकूल बनाया गया है। भारत इस एसयूवी को पेश करने वाला पहला बाजार होगा। होंडा भारत में फिलहाल सिटी, अमेज और एलिवेट मॉडल का उत्पादन और बिक्री कर रही है। हाल में इसने प्रीमियम एसयूवी जेडआरवी को भी भारतीय बाजार में पेश किया है।

एसएफसी का शेयर पहले दिन 29% बढ़त लेकर बंद

नई दिल्ली। अपशिष्ट जल शोधन समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी एसएफसी एनवायरनमेंटल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का शेयर मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद अपने 330 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 29 प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई में शेयर निर्गम मूल्य से 7.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 354.05 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ।



हरिभूमि HEALTH CARE छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सूचना! मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण

पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोनः 0771-4044551 समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

भारत के 97 प्रतिशत पेशेवर एआई सीखने को इच्छुक

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश में 97 प्रतिशत पेशेवर कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़े अपने कौशल को और विकसित करना चाहते हैं, जबकि 88 प्रतिशत पेशेवरों को इस प्रौद्योगिकी से अपने कार्यक्षेत्र में उत्पादकता और दक्षता बढ़ने की उम्मीद है। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

वरिष्ठ पदों पर नियुक्ति करने वाली कंपनी माइकल पेज इंडिया की 'कैंडिडेट पल्स रिपोर्ट 2026' के मुताबिक, पेशेवरों ने एआई कौशल विकसित करने में गहरी रुचि दिखाई है। हालांकि, उन्होंने इसके इस्तेमाल को लेकर कुछ चिंताएं भी जताई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, जहां 88 प्रतिशत प्रतिभागियों को एआई से अपनी दक्षता और उत्पादकता बढ़ने की उम्मीद है, वहीं 65 प्रतिशत ने मानवीय निर्णय क्षमता और सहज समझ की कमी को लेकर चिंता जताई।



रोहित-विराट पर रहेंगी नजरें, अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण के साथ न्यूजीलैंड से भिड़ेगा भारत



एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

रोहित शर्मा और विराट कोहली पर एक बार फिर से सभी की निगाहें टिकी रहेंगी लेकिन भारत के अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण के कारण न्यूजीलैंड बुधवार से शुरू होने वाली 5 मैचों की वनडे श्रृंखला में बेहतर स्थिति में नजर आ रहा है। वनडे श्रृंखला के बाद होने वाली टेस्ट श्रृंखला को ध्यान में रखकर जसप्रीत बुमराह को विश्राम दिया गया है जबकि प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा चोटिल होने के कारण टीम से बाहर हैं। ऐसे में अनुभवी मोहम्मद सिराज को अतिरिक्त जिम्मेदारी उठानी होगी। सिराज के अलावा भारतीय टीम में शामिल अन्य चार विशेषज्ञ गेंदबाजों अर्शदीप सिंह (18), गुरनूर बराड़ (09), अंशुल कंबोज और ओकिब नबी (एक-एक) के पास कुल मिलाकर 29 वनडे मैचों का अनुभव है।



भारत-न्यूजीलैंड के बीच 5 मैचों की वनडे सीरीज आज से

19 नवंबर को पहला टेस्ट मैच

टौरंगा में पांचवें और अंतिम वनडे के तुरंत बाद शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला को ध्यान में रखते हुए अंतिम दो वनडे में भारत के कुछ स्टार खिलाड़ी नहीं खेलेंगे। वनडे श्रृंखला 15 नवंबर को समाप्त होगी और पहला टेस्ट मैच 19 नवंबर को वेलिंगटन में खेला जाएगा। कप्तान शुभमन गिल भी टेस्ट मैचों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आखिरी दो वनडे मैचों में नहीं खेलेंगे।

ईडन पार्क की बाउंड्री बेहद छोटी

ईडन पार्क की सीधी बाउंड्री बेहद छोटी हैं और उसकी दूरी केवल 55 मीटर है। ऐसे में भारत सिराज, अर्शदीप सिंह और लंबे कद के गुरनूर बराड़ को अंतिम एकादश में रख सकता है। हार्दिक पंड्या की अनुपस्थिति के कारण कुलदीप यादव के लिए अंतिम एकादश में जगह बनाना मुश्किल हो रहा है भले ही उन्होंने भारत के वर्तमान गेंदबाजी आक्रमण में सर्वाधिक 201 विकेट लिए हैं। लेकिन 11 से 40 ओवर के बीच सर्कल के बाहर केवल चार क्षेत्ररक्षकों को ही अनुमति दी जाती है और ऐसे में बीच के ओवर अधिक महत्वपूर्ण हो गए हैं। इसलिए कुलदीप की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है।

न्यूजीलैंड टीम में अधिकतर खिलाड़ी उम्रदराज

भारत अगर तेज गेंदबाजी विभाग में कमजोर है तो न्यूजीलैंड की टीम में अधिकतर खिलाड़ी उम्रदराज हैं। उसकी वनडे टीम की औसत आयु 34 से 35 के बीच है। ऐसे में कप्तान मिचेल सैंटनर ने संकेत दिए कई खिलाड़ियों के लिए 2027 में होने वाला वनडे विश्व कप आखिरी टूर्नामेंट हो सकता है। इन खिलाड़ियों में वह भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'हमारे अधिकतर खिलाड़ियों की उम्र लगभग 34 या 35 के आसपास है। वनडे विश्व कप के बाद, सारा ध्यान फिर से टी20 क्रिकेट पर केंद्रित हो जाएगा। मुझे अभी तक किसी खिलाड़ी ने अपनी भावी योजना के बारे में नहीं बताया है, लेकिन ऐसा हो सकता है।

मैच का समय : भारतीय समयानुसार सुबह 7:30 बजे

खबर संक्षेप



चेक ओपन : सेंथिलकुमार ने जीता खिताब

नई दिल्ली। भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी वेलवन सेंथिलकुमार ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ब्रनो में खेले गए 35,000 अमेरिकी डॉलर इनामी चेक ओपन का खिताब जीता। इस 28 वर्षीय खिलाड़ी ने फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज स्कॉटलैंड के ग्रेग लोब्बन को चार गेम तक चले मैच में हराया। विश्व में 42वें नंबर के खिलाड़ी और यहां चौथी वरीयता प्राप्त सेंथिलकुमार ने लोब्बन को 13-11, 11-5, 8-11, 11-7 से पराजित करके अपना 12वां पीएसए टूर खिताब जीता।

विश्व चैंपियनशिप: भारतीय टीम ने जीता स्वर्ण पदक

दोहा। भारत के रविंदर सिंह, सौरभ चौधरी और अमनप्रीत सिंह की तिकड़ी ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रविंदर ने इस स्पर्धा का व्यक्तिगत रजत पदक भी अपने नाम किया। यह स्पर्धा ओलंपिक प्रतियोगिताओं की सूची में शामिल नहीं है। रविंदर भारत के सबसे अधिक अंक हासिल करने वाले खिलाड़ी रहे।

नाबाद 155 रन की पारी से फॉर्म में लौटे यशस्वी

जायसवाल और राठौड़ की शतकीय पारी न्यूजीलैंड ए के खिलाफ टेस्ट रहा ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच मंगलवार को ड्रॉ समाप्त हुए दूसरे अनौपचारिक टेस्ट क्रिकेट मैच में शतक जड़कर दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले अपनी फॉर्म को लेकर भारतीय टीम प्रबंधन को आश्वस्त किया। जायसवाल ने मैच के चौथे और अंतिम दिन न्यूजीलैंड ए के आक्रमण की जमकर धुनाई करते हुए केवल 162 गेंदों में नाबाद 155 रन बनाए, जिसमें 15 चौके और 5 छक्के शामिल हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज यश राठौड़ ने भी नाबाद 100 रन बनाए, जिससे भारत ए ने अपनी दूसरी पारी में 2 विकेट पर 282 रन बनाए। इसके बाद दोनों कप्तान ने मैच ड्रॉ करने पर सहमति जताई। राठौड़ के शतक पूरा करने के तुरंत बाद मैच ड्रॉ समाप्त घोषित कर दिया गया। राठौड़ और जायसवाल ने तीसरे विकेट के लिए 247 रन की अटूट साझेदारी की। राठौड़ ने अपनी 122 गेंदों की पारी में 9 चौके लगाए। भारत ए ने अपनी पहली पारी में 346 रन जबकि न्यूजीलैंड की टीम ने 424 रन बनाए थे।



राठौड़ ने जारी रखी अपनी शानदार फॉर्म

गेंद की उछाल एक समान होने के कारण शॉट लगाना आसान हो गया था। जायसवाल ने स्लॉग स्वीप शॉट से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपना 17वां शतक पूरा किया। इसके बाद वह अधिक आक्रामक हो गए और उन्होंने आगे बढ़कर कई दर्शनीय शॉट लगाए। पहले मैच में 44 और 66 रन बनाने वाले राठौड़ ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी और दिखा दिया कि घरेलू क्रिकेट में उन्हें सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में क्यों गिना जाता है। उन्होंने चाय के विश्राम के बाद विदेशी धरती पर अपना पहला शतक पूरा किया।

आकर्षण का केंद्र रहे जायसवाल

हैगली ओवल की पिच काफी हद तक सपाट हो गई थी, जिससे बल्लेबाजों के लिए अपने शॉट खेलना बहुत आसान हो गया था। इसका अंदाजा भारत ए के दूसरी पारी में 5.35 के रन-रेट से रन बनाने से लगाया जा सकता है। मैच के अंतिम दिन लगभग 44 ओवर का खेल हुआ और इस बीच जायसवाल आकर्षण का केंद्र रहे। जायसवाल इस पारी से पहले रन बनाने के लिए जूझ रहे थे, जो निश्चित तौर पर मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ 19 नवंबर से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले चिंता का विषय रही होगी। जायसवाल ने इससे पहले तीन पारियों में 17, पांच और शून्य रन बनाए थे। न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारत ए टीम में शामिल होने से पहले उन्होंने चंडीगढ़ के खिलाफ एकमात्र रणजी ट्रॉफी मैच खेला था, जिसमें वह खाता भी नहीं खोल पाए थे।

मैंने सिर्फ अनुशासन पर ध्यान दिया : जायसवाल

यशस्वी जायसवाल ने न्यूजीलैंड ए के खिलाफ शतक बनाकर फॉर्म में वापसी करने के बाद कहा कि उन्होंने इस दौरान अपनी 'प्रक्रिया, दिनचर्या और अनुशासन' पर ध्यान केंद्रित किया। जायसवाल ने ड्रॉ समाप्त हुई दूसरे अनौपचारिक टेस्ट मैच की दूसरी पारी में नाबाद 155 रन बनाए। उन्होंने कहा कि यहां की ठंड ने उनके लिए अलग तरह की चुनौती पेश की। जायसवाल ने कहा, ' यहां बहुत ठंड है। गेंद शुरुआत में बहुत घूमती है और सीम मूवमेंट भी बहुत होता है। अच्छे गेंदबाज लगातार सही जगह पर गेंद को पिच कराते हैं। इसलिए हमें रन बनाने के लिए काफी इंतजार करना पड़ता है।' उन्होंने कहा, 'जब विकेट बेहतर हो जाता है या गेंद पुरानी हो जाती है तो रन बनाना आसान हो जाता है। मैं यह नहीं कहूंगा कि यह आसान है, लेकिन आप अच्छे शॉट खेल सकते हैं। इसलिए बहुत मजा आया और यहां खेलना अच्छा लगता है। यह एक बिल्कुल अलग तरह का अनुभव है।'

आईसीसी रैंकिंग

वैष्णवी ने लगाई 53 पायदान की छलांग



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की युवा स्पिनर वैष्णवी शर्मा ने आईसीसी विमेंस वनडे रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है। जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मुकाबलों की सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद वैष्णवी बॉलिंग रैंकिंग में 53 स्थान ऊपर चढ़कर 94वें नंबर पर पहुंच गई हैं। 20 वर्षीय स्पिनर ने तीसरे और आखिरी वनडे में बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस दौरान अपने करियर में पहली बार पारी में 5 विकेट हासिल किए, जिससे वह भारतीय खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा फायदा पाने वाली खिलाड़ी बन गईं। दूसरे वनडे में चार विकेट लेने के बाद, वैष्णवी ने सीरीज के आखिरी मैच में भी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 39 रन देकर 5 विकेट लिए। यह वनडे फॉर्मेट में उनका तीसरा मैच था, जिसमें दमदार प्रदर्शन के लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया और भारत ने सीरीज में 3-0 से 'क्लीन स्वीप' किया।

कनकशन के कारण कॉनवे पहले वनडे से बाहर, सीफर्ट टीम में शामिल



एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

न्यूजीलैंड के सीनियर बल्लेबाज डेवोन कॉनवे अभ्यास सत्र के दौरान साथी खिलाड़ी मैट हेनरी से टकराने से सिर में चोट लगने (कनकशन) के कारण भारत के खिलाफ बुधवार को होने वाले पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच से बाहर हो गए हैं। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने मंगलवार को बताया कि टिम सीफर्ट उनकी जगह लेंगे।

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने पुष्टि की कि कॉनवे को जांच के लिए अस्पताल ले जाने के बाद 'कनकशन' का पता चला, जिसके कारण वह श्रृंखला के पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बयान में कहा, 'कॉनवे को जांच के लिए अस्पताल के दुर्घटना एवं आपातकालीन विभाग (ए एंड ई) में ले जाया गया, जहां 'कलकशन' की पुष्टि हुई। इस कारण वह कल भारत के खिलाफ पहले वनडे में नहीं खेल पाएंगे।'' यह टक्कर तब हुई जब दोनों खिलाड़ी श्रृंखला के पहले मैच से पूर्व ऑकलैंड के ईडन पार्क में टीम के अभ्यास सत्र के दौरान हवा में लहराते कैच को लेने की कोशिश कर रहे थे। सैंटनर ने पुष्टि की कि हेनरी ठीक हैं। उन्होंने मैच की कहा, 'मुझे लगता है मैट को सिर में चोट लगी थी। वह ठीक लग रहा है, लेकिन डेव (कॉनवे) को तुरंत मैदान से बाहर ले जाया गया है।

महिला टी20

प्रेमा ने बनाया रिकॉर्ड, 14 गेंदों मे जड़ा अर्धशतक



एजेंसी ▶▶| पुणे

भारतीय ऑलराउंडर प्रेमा रावत ने सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी के मैच में मंगलवार को 14 गेंदों में अर्धशतक जड़कर महिला टी20 क्रिकेट में सबसे तेज 50 रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज किया।

उत्तराखंड की इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी पारी में छह चौके और चार छक्के लगाए और उनका स्ट्राइक रेट 357 रहा। उनकी इस पारी के दम पर उत्तराखंड ने हैदराबाद को 89 रन से हराया। महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे तेज अर्धशतक बनाने का रिकॉर्ड पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना के नाम है, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में जिम्बाब्वे के खिलाफ 15 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी। इंग्लैंड की मैरी केली और ऑस्ट्रेलिया की लौरा हैरिस ने भी घरेलू क्रिकेट में 15 गेंदों में अर्धशतक बनाए हैं।

गेंदबाजी में प्रेमा का जलवा

रावत की नाबाद 50 रन की विस्फोटक पारी की बदौलत उत्तराखंड ने निर्धारित 20 ओवरों में दो विकेट पर 187 रन बनाए। इसके जवाब में हैदराबाद की टीम 8 विकेट पर 98 रन ही बना सकी। प्रेमा रावत ने गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में 12 रन देकर 2 विकेट लिए।

मैक्सवेल ने 14 साल के अंतरराष्ट्रीय कॅरियर को कहा अलविदा

एजेंसी ▶▶| सिडनी



ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है, जिससे उनके 14 साल के करियर का अंत हो गया है। सीमित ओवरों की क्रिकेट के इस 38 वर्षीय धुरंधर खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलिया की तरफ से अपना आखिरी मैच इस साल की शुरुआत में आईसीसी टी20 विश्व कप के दौरान ओमान के खिलाफ खेला था। मैक्सवेल ने कहा, 'मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के साथ-साथ विक्टोरिया के लिए घरेलू क्रिकेट (50 ओवर के मैच और लाल गेंद से खेले जाने वाले चार दिवसीय क्रिकेट) से भी संन्यास ले रहा हूं।' उन्होंने कहा, 'ओलंपिक खेलों (2028 में) को देखते हुए मुझे लगता है कि अगले 12 से 24 महीनों में काफी बदलाव होने वाले हैं, ऐसे में यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि युवा खिलाड़ियों पर ध्यान दिया जाए और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर के दबाव का सामना करने का मौका मिले।'

बैंक ऑफ इंडिया BOI Bank of India

आस्ति वसूली शाखा- दूसरी मंजिल, अंचल कार्यालय, सेक्टर-24, नया रायपुर (छ.ग.)

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी, जो कि **बैंक ऑफ इंडिया** के प्राधिकृत अधिकारी हैं, ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित का (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित उधारकर्ता / जमानतदारों को डिमांड नोटिस की तिथि एवं राशि नीचे में दर्शायी गयी है, उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने जारी किय गया। उधारकर्ताओं द्वारा देय राशि का भुगतान न किए जाने के कारण, उधारकर्ताओं एवं सामान्य जनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित, नीचे उल्लिखित तिथि को निम्न वर्णित संपत्ति का **सांकेतिक कब्जा** कर लिया गया है। विशेष रूप से उधारकर्ताओं और जनसामान्य को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबधित कोई लेन देन नहीं करें। निम्नलिखित संपत्ति से संबधित किसी भी प्रकार का लेन देन इस पर वर्णित बकाया राशि के लिये **बैंक ऑफ इंडिया** के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगी। प्रतिभूत आस्ति के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है.

क्र.	उधारकर्ता / जमानतदारों का नाम	1) मांग सूचना की तिथि/2) कब्जे की तिथि	बकाया राशि	अचल संपत्ति का विवरण
1.	**उधारकर्ता- मेसर्स राजनांदा कोक इंडस्ट्रीज, प्रोप.: श्री संतोष बावरिया,** मकान नं. 205, ग्राम-सुन्दरा, वार्ड नं. 16, जी.ई. रोड, राजनांदगांव, (छ.ग.), **जमानतदार: श्री तन्मय बावरिया**	(1) 03.08.2026 (2) 31.10.2026	रू 1,02,42,947.40/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे	**संपत्ति क्रमांक1)** खसरा नंबर 173/2 एवं 173/3 (संयुक्त रूप से), फ्लैट नंबर 604, बी-विंग, छठी मंजिल, जीवन हाइट्स, वार्ड नं. 22, कौरिनभाटा, राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) 491441 में क्षेत्रफल- 832.18 वर्ग फुट पर सामयिक बंधक आवासीय परिवर्तित संपत्ति, मालिकाना हक- श्री तन्मय बावरिया पिता श्री संतोष बावरिया। **संपत्ति क्रमांक 2)** खसरा नंबर 3/6/2, वार्ड नंबर 3, मोतीपुर, राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) 491441 में क्षेत्रफल 1000.00 वर्ग फुट पर स्थित सामयिक बंधक आवासीय परिवर्तित संपत्ति, मालिकाना हक- श्री तन्मय बावरिया पिता श्री संतोष बावरिया।
2.	**उधारकर्ता- मेसर्स भारत किसान पाइप इंडस्ट्रीज, प्रोप: श्री लक्ष्मण सिंह उइके,** ग्राम: घोरडा, पोस्ट- रेवागन, डोंगरगांव, राजनांदगांव (छ.ग.) एवं **जमानतदारों: श्री शत्रुघ्न उइके, श्री मुकेश उइके एवं श्री भरत लाल उइके**	(1) 03.08.2026 (2) 31.10.2026	रू 66,93,170.31/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे	खसरा नंबर 2,3/1, प.ह नं 33, ग्राम घोरडा, आरएनएम अर्जुनी, तहसील-डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग) - 491441 में क्षेत्रफल 18292 वर्गफुट पर स्थित सामयिक बंधक शेड एवं भवन, मालिकाना हक- श्री लक्ष्मण सिंह उइके, श्री शत्रुघ्न उइके एवं श्री मुकेश उइके।

दिनांक: 04.11.2026, स्थान- राजनंदगांव — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया





नागालैंड में गरीब किसान का भरोसा नहीं तोड़ता ग्राहक

क्या कोई ऐसी दुकान हो सकती है जहां न तो कोई सामान बेचने वाला हो और न ही चोरी रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरा लगा हो? शायद देश के बाकी हिस्सों में ऐसा सोचना भी मुश्किल है, लेकिन पूर्वोत्तर राज्य नागालैंड में यह हकीकत है।

कोहिमा। नागालैंड के पर्यटन मंत्री तेमजेन इम्ना अलॉन्ग ने सोशल मीडिया पर इन अनोखी 'ऑनेस्टी शॉप्स' (ईमानदारी की दुकानों) की कुछ तस्वीरें साझा की हैं। यह दुकानें किसी आधुनिक तकनीक से नहीं, बल्कि सिर्फ और सिर्फ आपसी भरोसे और ईमानदारी की नींव पर चल रही हैं।

बिना दुकानदार की दुकान पर खुद देकर जाता है पैसा

कैसे काम करता है यह अनोखा बाजार?

पहाड़ी रास्तों के किनारे बनी इन छोटी-छोटी दुकानों या स्टालों पर ताजी सब्जियां, मौसमी फल, घर के बने अचार और जूस करीने से सजाकर रख दिए जाते हैं। हर सामान के साथ उसकी कीमत लिखी होती है। ग्राहक वहां रुकते हैं, अपनी पसंद का सामान उठाते हैं, लिखी हुई कीमत देखते हैं और पास में रखे गल्ले (कैश बॉक्स) में पैसे डाल देते हैं। कमाल की बात यह है कि बदलते वक्त के साथ अब यहां ऑनलाइन भुगतान के लिए यूपीआई क्यूआर कोड भी लगे हुए हैं।



खेत में किसान, दुकान पर सिर्फ भरोसा

दरअसल, इन दुकानों को चलाने वाले स्थानीय किसान हैं। वे सुबह-सुबह अपने खेतों का ताजा उत्पाद यहां रख देते हैं और खुद खेतों में काम करने या अपने दूसरे कामों में व्यस्त हो जाते हैं। उन्हें पूरा यकीन होता है कि उनकी गैरमौजूदगी में भी कोई उनका हक नहीं मारेगा। नागालैंड के पफुत्सेरो इलाके में महिला किसान ऐसी करीब 20 दुकानें संभाल रही हैं।

व्यापार सिर्फ लेन-देन नहीं, संस्कृति है

मंत्री तेमजेन इम्ना अलॉन्ग ने बिल्कुल सही बात कही है कि व्यापार सिर्फ पैसों के लेन-देन का नाम नहीं है। यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि हम रोजमर्रा की आम जिंदगी में एक-दूसरे के प्रति कितने ईमानदार हैं। यह दुकानें नागालैंड की समृद्ध संस्कृति और वहां के लोगों के ऊंचे नैतिक मूल्यों का जीता-जागता सबूत हैं।

इमारतें-झील-चर्च देख वैज्ञानिक दंग

700 साल से पाताल में छिपी दूसरी दुनिया, नमक से बना शहर

वारसॉ। पोलैंड के दक्षिणी हिस्से में क्राको शहर के पास स्थित विएलिज्का नाम की खदान किसी रहस्यमयी दुनिया से कम नहीं है। बाहर से देखने पर यह एक सामान्य ऐतिहासिक खदान लगती है, लेकिन जमीन के नीचे उतरते ही नजारा पूरी तरह बदल जाता है। यहां लंबे गलियारे, विशाल कमरे, मूर्तियां और धार्मिक स्थल मौजूद हैं। सदियों तक यहां नमक निकाला जाता रहा और इसी काम ने धीरे-धीरे एक अद्भुत भूमिगत दुनिया का निर्माण कर दिया।

एक वक्त में इस खदान में मजदूर दिन-रात नमक निकालने का काम करते थे। अंधेरे में भारी औजारों के साथ काम करना आसान नहीं था। खदान के कई हिस्सों में पुराने उपकरण और मशीनें आज भी सुरक्षित रखी गई हैं। ये चीजें बताती हैं कि पुराने समय में नमक निकालने का काम कितना कठिन होता था। फिलहाल ये जगह पर्यटन और ऐतिहासिक विरासत को सुरक्षित रखने के लिए जानी जाती है। यहां म्यूजियम और अंडरग्राउंड रास्ते भी बनाए गए हैं।





यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज लिस्ट में शामिल

विएलिज्का में नमक निकालने का काम 13वीं शताब्दी में शुरू हुआ था। उस दौर में नमक केवल खाने का स्वाद बढ़ाने की चीज नहीं था, बल्कि भोजन को लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए इसका इस्तेमाल होता था। इसी वजह से नमक की इस खदान का पोलैंड की अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान रहा। यहां पीढ़ियों तक मजदूरों ने मेहनत की और जमीन के अंदर सैकड़ों साल पुरानी विरासत छोड़ गए। साल 1978 में इस जगह को यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज लिस्ट में शामिल किया गया।

दीवारों पर अलग-अलग आकृतियों की नक्काशी

आमतौर पर नमक का इस्तेमाल खाने में किया जाता है, लेकिन यहां के खनिकों ने इसे अपनी कला का माध्यम बना दिया। खदान की दीवारों पर धार्मिक कहानियों, ऐतिहासिक घटनाओं और अलग-अलग आकृतियों की नक्काशी की गई है। कई जगह नमक को तराशकर मूर्तियां भी बनाई गई हैं। इन कलाकृतियों को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि खनिकों के लिए यह जगह सिर्फ काम करने का स्थान नहीं, बल्कि कला को दिखाने का भी जरिया था। इस खदान में केवल अंधेरे गलियारे और पत्थर की दीवारें ही नहीं हैं।

101 मीटर नीचे है विशाल धार्मिक स्थल

इस खदान की सबसे बड़ी खासियत सेंट किंगा चैपल है। जमीन से करीब 101 मीटर नीचे मौजूद यह विशाल धार्मिक स्थल देखने वालों को हैरान कर देता है। इसकी दीवारें, फर्श और सारी सजावट नमक से तैयार की गई हैं। यहां तक कि इसके खूबसूरत झूमर भी नमक से बने हुए हैं। यहां बने चैपल को बनाने में खदान में काम करने वाले खनिकों ने ही अपनी कला और हुनर का इस्तेमाल किया था। आज भी यहां धार्मिक कार्यक्रम और संगीत समारोह आयोजित किए जाते हैं।

शादी में बुलाने के लिए नहीं थे रिश्तेदार, दूल्हे ने सोशल मीडिया पर अजनबियों को दिया न्योता

बीजिंग। चीन का एक युवक शादी कर रहा था। पर उसके घर में कोई नहीं था, ऐसे में उसे लगा कि उसकी शादी में कोई नहीं आएगा। इसलिए उसने सोशल मीडिया पर अजनबियों को शादी में आने का न्योता दे दिया। उसे लगा कि इससे शायद कुछ लोग उसकी शादी में आ जाएं। पर शादी के दिन जो नजारा दिखा। वह एकदम से हैरान करने वाला रहा। उसकी शादी में न सिर्फ बड़ी संख्या में लोग आए, बल्कि खाने-पीने का सामान और गिफ्ट लेकर भी पहुंचे। उन्होंने बताया कि वह एक अनाथ हैं और बचपन से ही उन्हें तिरस्कार का सामना करना पड़ा है। उनके पिता की उस समय मौत हो गई, जब वह बहुत छोटे थे। वहीं, उनकी मां ने दूसरी शादी कर ली। जिसके बाद जू और उनके बड़े भाई को एक-दूसरे के सहारा बनना पड़ा। घर में किसी के न होने के कारण शियाओ जू ने सोशल मीडिया पर लोगों को अपनी शादी में आने के लिए न्योता दे दिया। रेडिट पोस्ट में एक यूजर ने लिखा कि यह पूरी तरह से सच्ची घटना है। जू ने नहीं सोचा था कि इतनी बड़ी संख्या में लोग आएंगे। उसे लगा कि कुछ लोग आएंगे, लेकिन इसके विपरीत, इतने सारे लोग आए और उत्सव में मदद की, जो बहुत ही सराहनीय है। यूजर ने रेडिट पर लिखा कि युनफेंग विलेज कमिटी के कर्मचारियों ने बताया कि इस आयोजन को उम्मीद से कहीं ज़्यादा लोगों का रिस्पॉन्स मिला है। दूल्हे ने बताया कि उसने अपनी शादी का खर्च उठाने के लिए अपनी मेहनत की कमाई से 160,000 युआन बचाए थे।

सोशल मीडिया पर लोगों को दिया न्योता





नासा का वॉयजर 1 बना सकता है अनोखा रिकॉर्ड, पृथ्वी से एक प्रकाश दिन की दूरी के करीब



वॉशिंगटन। नासा का 'वॉयजर 1' अंतरिक्ष यान एक अहम पड़ाव की ओर बढ़ रहा है। 5 सितंबर 1977 को लॉन्च किया गया ये स्पेसक्राफ्ट इस महीने, 18 नवंबर को एक बड़ा रिकॉर्ड कायम कर सकता है। प्लूटोनियम-रेडियोआइसोटोप से चलने वाला यह अंतरिक्ष यान ना केवल इंसानों की बनाई अब तक की सबसे दूर स्थित वस्तु बन जाएगा, बल्कि यह एक प्रकाश-दिन (लाइट डे) की दूरी यानी 16.09 अरब मील (25.89 अरब किलोमीटर) तक भी पहुंच जाएगा।

नासा के मुताबिक, 'वॉयजर 1' के पृथ्वी से एक लाइट-डे (प्रकाश की एक दिन में तय की गई दूरी) की दूरी तक पहुंचने में बस कुछ ही हफ्ते बचे हैं। यह वह बिंदु है, जहां से रेडियो संदेशों को एक तरफ से दूसरी तरफ जाने में पूरे 24 घंटे का समय लगेगा। यह अंतरिक्ष यान अभी पृथ्वी से तकरीबन 16 अरब मील (24 अरब किलोमीटर) दूर है।

वॉयजर 1 साल 1977 से सोलर सिस्टम को एक्सप्लोर कर रहा है। यह इंटरस्टेलर स्पेस में है, जो हेलियोपॉज का बाहरी इलाका है या सूरज से निकलने वाले एनर्जेटिक पार्टिकल्स और मैग्नेटिक फील्ड का बबल है। वॉयजर 1 को वॉयजर 2 के बाद लॉन्च किया गया था लेकिन तेज रास्ते की वजह से यह अपने ट्विन से पहले एस्टेरॉयड बेल्ट से बाहर निकल गया। यह 15 दिसंबर, 1977 को वॉयजर 2 से आगे निकल गया। वॉयेजर 1 ने जुपिटर के चारों ओर एक पतली रिंग और दो नए जोवियन चांद-थेबे और मेटिस की खोज की। शनि पर वॉयेजर 1 को पांच नए चांद और एक नया रिंग मिला जिसे G-रिंग कहा जाता है। वोएजर 1 पहला स्पेसक्राफ्ट है, जिसने हेलियोस्फीयर को पार किया। यह वह बाउंड्री है, जहां हमारे सोलर सिस्टम के बाहर का असर हमारे सूरज के असर से ज्यागा होता है। वॉयेजर 1 इंटरस्टेलर स्पेस में जाने वाली पहली इंसानी चीज है।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्प्लेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com